

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

178 साल बाद दीपावली ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 24 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 304 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## अयोध्या के कण—कण में भगवान रामः पीएम मोदी

अयोध्या । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अयोध्या के दीपोत्सव में वह हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले अयोध्या पहुंचने के ठीक बाद उन्होंने रामलला के दर्शन किए। उसके बाद राम मंदिर निर्माण कार्य की समीक्षा भी की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अयोध्या के कण—कण में भगवान राम है। उन्होंने कहा कि भगवान राम जैसी संकल्प शक्ति से देश आगे जाएगा। राम जी की कृपा से दर्शन सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि श्री रामलला के दर्शन और उसके बाद राजा राम का अभिषेक, ये सौभाग्य रामजी की कृपा से ही मिलता है। जब श्रीराम का अभिषेक होता है तो हमारे भीतर भगवान राम के आदर्श, मूल्य और दृढ़ हो जाते हैं।





मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भगवान राम जैसी संकल्प शक्ति, देश को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। भगवान राम ने अपने वचन में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा, वो सबका साथ—सबका विकास की प्रेरणा हैं और सबका विश्वास—सबका प्रयास का आधार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लाल किले से मैंने सभी देशवासियों से पंच प्राणों को आत्मसात करने का आह्वान किया है। इन पंच प्राणों की ऊर्जा जिस एक तत्व से जुड़ी है, वो है भारत के नागरिकों का कर्तव्य। आज अयोध्या नगरी में, दीपोत्सव के इस पावन अवसर पर हमें अपने इस संकल्प को दोहराना है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीराम से सीखना है। भगवान राम, मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। मर्यादा, मान रखना भी सिखाती है और मान देना भी, और मर्यादा, जिस बोध की आग्रह होती है, वो बोध कर्तव्य ही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राम किसी को पीछे नहीं छोड़ते। राम कर्तव्य—भावना से मुख नहीं मोड़ते। इसलिए, राम, भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ब्ड योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से 6 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन और उनकी प्रेरणा से अयोध्या का दीपोत्सव कार्यक्रम शुरु हुआ। यह प्रदेश का एक उत्सव देश का उत्सव बनता गया। आज ये अपनी सफलता की नई ऊंचाई को छू रहा है।

## विजयवाड़ा में पटाखों की दुकानों में लगी आग , दो लोगों की मौत

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में रविवार तड़के पटाखों की दुकानों में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई।



पुलिस ने बताया कि आग की चपेट में आने वाली तीन में से एक दुकान में मजदूर सो रहे थे। उन्होंने बताया कि तीनों दुकान पूरी तरह से नष्ट हो गईं, लेकिन दमकलकर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया ने अन्य दुकानों को नष्ट होने से बचा लिया। दीपावली के मौके पर एक ईंधन स्टेशन के ठीक सामने पटाखों की दुकानों को लगाया गया था लेकिन आग नहीं फैलीक्योंकि दमकल की चार गाड़ियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। पुलिस और दमकलकर्मियों को अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## ग्रेटर नोएडाः सहारा ग्रुप के मालिक सुब्रत राय सहारा समेत 11 लोगों पर FIR दर्ज, धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप

ग्रेटर नोएडा। सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय सहारा समेत उनकी कंपनी के 11 अफसरों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में जमा किया गया पैसा वापस नहीं मिलने पर यह केस दर्ज हुआ है। अदालत के आदेश पर दर्ज हुए मुकदमे में निवेशक ने धोखाधड़ी, जालसाजी और अमानत में खयानत का आरोप लगाया है। दादरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दादरी के हनुमान पुरी रेलवे रोड पर रहने वाली कांता देवी पत्नी रतन लाल ने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में पैसा जमा किया था। कांता देवी ने 26 अप्रैल 2014 को 20,000 रुपये और 26 जुलाई 2018 को 1,08,000 रुपये एफडी के रूप में जमा किए थे। अवधि पूरी होने के बाद कांता ने पैसों के लिए एजेंट से संपर्क किया। कांता देवी ने कंपनी के एजेंट पीके शर्मा के साथ—साथ कर्मचारी जय सैनी व गणेश से भी मुलाकात की और उनसे पैसा वापस दिलाने का अनुरोध किया।




कांता का आरोप है कि इन लोगों ने उसे धमकाकर भगा दिया और पैसे देने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह पुलिस में गईं और रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया। पुलिस ने जब उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो कांता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) की अदालत को पूरी जानकारी दी। कांता देवी ने बताया कि इन लोगों से दादरी कार्यालय के बाहर मुलाकात हुई। जमा धनराशि वापस मांगी, लेकिन उन्होंने पैसा नहीं दिया। कांता ने बताया कि ये लोग गिरोह बनाकर ठगी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अदालत ने मामले को सुनने के बाद दादरी कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद दादरी कोतवाली पुलिस ने शनिवार को सराहा ग्रुप के संस्थापक सुब्रत राय समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इन पर दर्ज हुआ मुकदमाः दादरी पुलिस ने सहारा इंडिया परिवार के निदेशक सुब्रत राय सहारा, सहारा इंडिया परिवार के निदेशक ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सहारा इंडिया परिवार के निदेशक मधुकर, सहारा इंडिया परिवार के निदेशक सतीश कुमार सिंह, सहारा इंडिया परिवार की निदेशक समरीन जैदी, सहारा इंडिया परिवार के निदेशक जनार्दन सिंह, सहारा इंडिया परिवार की निदेशक बबीता चौहान सिंह, एजेंट पीके शर्मा और सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के कर्मचारी जय सिंह सैनी, प्रशांत व गणेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## 2020 से बस्तर में माओवादियों के आठ आपूर्ति नेटवर्क किये ध्वस्त, 38 धरे गयेः वरिष्ठ अधिकारी

नई दिल्ली। बस्तर पुलिस ने पिछले दो साल में माओवादियों के आठ अहम आपूर्ति नेटवर्क ध्वस्त किये हैं तथा कम से कम 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि इस तरह पुलिस इस प्रतिबंधित संगठन को मिलने वाली चिकित्सा सहायता, विस्फोटक एवं अन्य प्रकार के सहयोग पर काफी हद तक अंकुश लगाने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान 40 से अधिक नये पुलिस शिविरों की स्थापना से भी इस काम में मदद मिली और इन शिविरों ने माओवादी कूरियर (उन्हें सामान पहुंचाने वालों) की अंतर—राज्यीय आवाजाही पर नजर रखी। उनके अनुसार इनमें से ज्यादातर शिविर माओवादियों



के आपूर्ति गलियारे के इर्द—गिर्द हैं। पुलिस के अनुसार आपूर्ति नेटवर्क को ध्वस्त किया जाना वामपंथी उग्रवाद के विरूद्ध लड़ाई में अहम है क्योंकि यह तीन दशक से बस्तर में सक्रिय माओवादियों के लिए बहुत बड़ी ताकत है।

बस्तर क्षेत्र में सात जिले— बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा आते हैं। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने 'पीटीआई—भाषा' को बताया कि पिछले कुछ साल में पुलिस ने भाकपा (माओवादी) की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमिटी (डीकेएसजेडसी) के विभिन्न निकायों (शिविरों) के आपूर्ति नेटवर्क को बड़ा नुकसान पहुंचाया। बस्तर क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों की कमान संभाल रही डीकेएसजेडसी का ही सुरक्षा बलों पर कई जानलेवा हमले करवाने में हाथ रहा है। सुंदरराज ने कहा, ''2020 के शुरुआती समय से अबतक माओवादियों के कम से कम आठ मॉड्यूल को ध्वस्त किया गया है तथा माओवादियों को कथित रूप से दवाइयां, विस्फोटक, हथियार एवं जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति करने में शामिल व्यापारियों, पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय लोगों समेत 38 लोग गिरफ्तार किये गये।''

## मराठवाड़ा के व्यक्ति ने बनाया 40 टन वजन ले जाने वाले ट्रेलर, कम ईंधन की होगी खपत

मराठवाड़ा के 23 वर्षीय एक युवक ने ईंधन की कम खपत वाले एक ऐसे ट्रेलर का निर्माण किया है जो ट्रैक्टर से जोड़ देने पर 40 टन वजन तक सामान ले जा सकता है। आमतौर पर ट्रैक्टरों से जुड़े ट्रेलरों में दो पहिए होते हैं और वे 25 टन वजन ले जा सकते हैं। लेकिन अक्षय चव्हाण ने चार पहिए वाले ट्रेलर का निर्माण किया है जो ट्रैक्टर की ऊर्जा का उपयोग कर 40 टन तक वजन ढो सकता है। डोंगांव के निवासी चव्हाण ने 'पीटीआई—भाषा' को बताया कि ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करते हुए उसके मन में ऐसा ट्रेलर (प्रतिकृति) बनाने का विचार आया, जो कम ईंधन की खपत करता हो और अधिक वजन ले जा सके। महज 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई करने वाले अक्षय चव्हाण ने इस ट्रेलर को बनाने में दो साल काम किया और इसके लिए उसने पांच लाख रुपये का कर्ज भी लिया था।



## जनता महंगाई से परेशान, केजरीवाल बोले— लोगों को मुफ्त शिक्षा और बिजली मिलनी चाहिए

### नेताओं को भी कई सुविधाएं फ्री मिलती है

नई दिल्ली। देश में रेवड़ी कल्चर को लेकर पॉलिटिक्स जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से शनिवार को रेवड़ी कल्चर के बढ़ावा देने वाले लोगों पर प्रहार किया था और दावा किया था कि कुछ लोग अब इसके खिलाफ कमर कस रहे हैं। अब इसी को लेकर अरविंद केजरीवाल का भी बयान आया है। अरविंद केजरीवाल ने साफ तौर पर कहा है कि लोगों को मुफ्त शिक्षा और बिजली मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नेताओं को भी मुफ्त में बहुत सारी सुविधाएं मिलती है। केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कितने लोगों के कर्ज माफ कर दिए गए।



मोदी के विडियो को लेकर उन्होंने ट्वीट किया कि लोग महंगाई से बहुत ज्यादा परेशान हैं। जनता को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाइयाँ, बिजली क्यों नहीं मिलनी चाहिए? उन्होंने कहा कि नेताओं को भी तो इतनी फ्री सुविधायें मिलती हैं। कितने अमीरों के बैंकों के कर्जे माफ कर दिये। बार बार मुफ्त रेवड़ी बोलकर जनता का अपमान मत कीजिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में ''रेवड़ी संस्कृति'' की आलोचना करते हुए कहा कि देश में एक बड़ा वर्ग इससे मुक्ति दिलाने के लिए कमर कस रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना देश में सामाजिक—आर्थिक बदलाव का एक प्रमुख साधन बन रही है।

## योगी सरकार इन क्षेत्रों में खोलेगी निजी निवेश के द्वार, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से शुरू होगी मुहिम

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार अब बिजली संयंत्र, ग्रीन हाइड्रोजन, एयर क्राफ्ट, एयरपोर्ट आदि में निजी निवेश के लिए दरवाजे खोलने जा रही है। इस नए सेक्टर में निवेश के लिए अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस मुहिम का बड़ा जरिया बनने जा रही है। केंद्र के निर्देश पर यूपी सरकार ने राज्य में अब उन सेक्टरों पर फोकस किया है, जहां अभी सारा काम सरकार खुद ही करती है। वैश्विक स्तर पर बाजार की बदलती मांग, नई तकनीक के साथ कदमताल के लिए यूपी ने इन सेक्टरों की पहचान की है। इन क्षेत्रों में अभी रियायतें देने का मौजूदा नीतियों में कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं है।



इलेक्ट्रिकल मशीनरी, खनन करने वाली मशीनें संबंधित यंत्र निर्माण में कई विदेशी कंपनियां भारत में अवसर देख रही हैं। रसायन, एग्रो कैमिकल, पालीमर पेट्रोकैमिकल के क्षेत्र में नई तकनीक के आने से इस क्षेत्र में नए उत्पाद बनाने के लिए कंपनियां विशिष्ट अनुभव रखती हैं। इन्हें यूपी में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

एयरक्राफ्ट का क्षेत्र अभी पूरी तरह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के लिए है। अब यह भी निजी पूंजी निवेश के लिए खोला जा रहा है। मोटर वाहन उद्योग के विस्तार की भी काफी गुंजाइश है। योगी सरकार ने अब नई औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति—2022 में इन नए सेक्टर को शामिल करने का निर्णय लिया है। बाजार के रुख और उनकी मांग के अनुरूप इन नए क्षेत्रों में निवेश वाली कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।






## महाराष्ट्र में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे शरद पवार,कहा यात्रा का प्रयास समाज में सौहार्द लाना

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जब महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी, तो वह इसमें भाग लेंगे, क्योंकि इसके माध्यम से समाज में सौहार्द लाने का प्रयास किया जा रहा है। पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश कांग्रेस के नेता अशोक चव्हाण और बालासाहेब थोराट ने उनसे मुलाकात की थी और भारत जोड़ो यात्रा जब सात नवंबर को राज्य में आएगी तो उसमें शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया था। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और यह 150 दिन में 3,570 किलोमीटर की दूरी तय करके जम्मू कश्मीर पहुंचेगी। यात्रा की अगुवाई पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं। अभी तक यह यात्रा चार राज्यों तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में पहुंच चुकी है।



पवार ने कहा, ''यह यात्रा कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम है। लेकिन इस पहल के माध्यम से समाज में सौहार्द लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए विभिन्न दलों के कुछ नेता राज्य में यात्रा के आने पर जहां भी संभव होगा, उसमें शामिल होंगे।'' एक अन्य प्रश्न के उत्तर में राकांपा नेता ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के चुनावों को लेकर हो रही राजनीति पर चुटकी ली। उन्होंने कहा, ''कुछ क्षेत्रों में राजनीति नहीं लानी चाहिए। जो ऐसा करते हैं, वे नादान हैं। जब मैं बीसीसीआई का अध्यक्ष था, गुजरात के प्रतिनिधि नरेंद्र मोदी थे, दिल्ली का प्रतिनिधित्व अरुण जेटली करते थे और अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधि थे। हमारा काम खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। हम अन्य चीजों को लेकर परेशान नहीं होते।'' महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के रविवार के औरंगाबाद दौरे के संबंध में पवार ने कहा, ''अच्छी बात है कि वह किसानों से मिलने जा रहे हैं। उनकी सेहत में सुधार हुआ है। उन्हें किसानों की मांग राज्य और केंद्र सरकारों के सामने रखनी चाहिए। अगर किसानों को फायदा होता है, तो अच्छी बात है।''

# न्याय पंचायत कुचेरा की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

कुचेरा–अयोध्या ।मिल्कीपुर विकासखंड में परिषदीय विद्यालयों की चल रही न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुचेरा न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिता का आयोजन आजाद लघु माध्यमिक विद्यालय पलिया जगमोहन सिंह के प्रांगण में किया गया। क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य देव कुमार यादव,नोडल शिक्षक कृपाशंकर मिश्रा,प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला मन्त्री उमाप्रसाद यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। कबड्डी और खोखो प्रतियोगिता में आजाद लघु माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय उछाहपाली के बच्चों को हराकर खिताबी मुकाबला जीता। प्राथमिक वर्ग की सम्पन्न हुई खोल प्रतियोगिताओं में बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुजीत प्रथम,विश्वास द्वितीय ।200 मीटर दौड़ में आलोक प्रथम,सुमित द्वितीय ।400 मीटर दौड़ में सुजीत प्रथम,सनी द्वितीय ।50 मीटर दौड़ में अमरचंद प्रथम,सुमित पाठक द्वितीय और प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम,मानसी द्वितीय ।100 मीटर दौड़ में राधा प्रथम,नेहा द्वितीय ।200 मीटर दौड़ में काजल प्रथम,मीनाक्षी द्वितीय रहीं ।जूनियर स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में राजेंद्र कुमार प्रथम,सौरभ द्वितीय ।200 मीटर दौड़ में सूरज प्रथम,अभय द्वितीय ।400 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम,सौरभ द्वितीय तथा जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अंशिका प्रथम,आराध्या द्वितीय। 200 मीटर दौड़ में काजल प्रथम,जानवी द्वितीय। 400 मीटर दौड़ में रानी प्रथम,सबा द्वितीय रहीं ।खेल प्रतियोगिता में रेफरी व निर्णायक की भूमिका खेल अनुदेशक अमित सिंह,शिक्षक राजेश कुमार तिवारी,राम लहुक यादव, विपिन श्रीवास्तव, राजेश कुमार, लक्ष्मन, संन्ध्या मिश्रा,विनोद वर्मा आदि ने निभाई ।प्रतियोगिता में दर्जनों स्कूलों के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने अपने अपने विद्यालय के बच्चों के साथ खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

# 16वां अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का पोस्टर हुआ रिलीज

## 10–11 नवंबर को अशफाक–बिस्मिल सभागार में होगा आजोजन

अयोध्या। अवाम का सिनेमा आयोजन समिति द्वारा काकोरी एक्शन के महानायक अशफाक उल्ला खां के 122वें जन्म दिवस के अवसर पर उनके शहादत स्थल पर गुलपोशी की गई। मंडल कारागार में जंग–ए–आजादी के लड़ाका पुरखो अशफाक को खिराज–ए–अकीदत के बाद शनिवार की दोपहर 16वां अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक पोस्ध्टर का विमोचन किया गया। अयोध्या फिल्म समारोह के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने कहा अशफाक–बिस्मिल जैसे चोटी के क्रांतिवीरों की स्मृतियों को समेटे सूबे में सबसे पहले शुरू हुए इस फिल्म समारोह के 16वें संस्करण का आयोजन ऐतिहासिक होगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेनीगंज के सभागार में 10–11 नवंबर को आयोजित होने वाले अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में सरोकारी फिल्मों का प्रदर्शन, फोटो एवं दस्तावेजों की प्रदर्शनी, सेमीनार, नाटक, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता, फैशन शो, पुस्तक प्रदर्शनी, फिल्म मेकिंग वर्कशॉप आदि विविध सामाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल आयोजन ने जहां देश–दुनियां के सिने–साहित्य प्रेमियों को अपनी आकर्षित किया है वहीं समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रकाशपुंज बना है। आयोजन में आने वाले सिनेमा और साहित्य्य जगत की हस्तियों के साथ ही फिल्मों का मेला भी अब सजने वाला है। पोस्ध्टर रिलीज होने के साथ ही समारोह की तैयारियां अब गति पकड़ ली है। पोस्टर विमोचन के दौरान अयोजन समिति से जुड़े अंकित कुमार, सूर्यकांत पांडेय, अंतरिक्ष श्रीवास्तव, सलाम जाफरी, डॉ. शिवकरण कर्मयोद्धा आदि की मौजूदगी रही।

# सो रही बालिका को विषैले सांप ने काटा इलाज के दौरान हुई मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या । मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत थाना कुमारगंज क्षेत्र की देवगांव निवासी सईद अहमद की 12 वर्षीय बेटी अलसिका बीते शुक्रवार की रात अपनी बहनों के साथ घर के अन्दर तखत पर सो रही थी उसी बीच उसी बीच कहीं से एक विषैला सांप पहुंच गया और सो रही अलसिका को काट लिया। अलसी का के चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे अन्य परिजन आनन–फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका बालिका के पिता सईद अहमद ठेला लगाकर फल की बिक्री करके अपने 8 बच्चों का जीवन यापन किसी तरीके से करा रहे थे।

सईद अहमद दो बेटियों की शादी किसी तरीके से कर चुके थे , बाकी पांच बेटियों वह छोटी बेटी की पढ़ाई लिखाई किसी तरीके से करा रहे थे। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद परिजन जब सो गए थे उसी बीच ना जाने कहां से विषैला सांप पहुंचा गया तथा 12 वर्षीय अलसिका को काट लिया। इलाज के दौरान बालिका की अस्पताल में ही मौत हो गई। सांप काटने के बाद भी बिस्तर के पास से नहीं हटा था, परिवार के सदस्य उसकी निगरानी कर रहे थे लेकिन जब बालिका की मौत की जानकारी घर पर मौजूद अन्य परिजनों को हुई तो वे तत्काल सांप को भी मार डाले। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है बालिका की मां रो–रो कर बेहोश हो जा रही है।

सो रही बालिका को विषैले सांप ने काटा इलाज के दौरान हुई मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत थाना कुमारगंज क्षेत्र की देवगांव निवासी सईद अहमद की 12 वर्षीय बेटी अलसिका बीते शुक्रवार की रात अपनी बहनों के साथ घर के अन्दर तखत पर सो रही थी उसी बीच उसी बीच कहीं से एक विषैला सांप पहुंच गया और सो रही अलसिका को काट लिया। अलसी का के चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे अन्य परिजन आनन–फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका बालिका के पिता सईद अहमद ठेला लगाकर फल की बिक्री करके अपने 8 बच्चों का जीवन यापन किसी तरीके से करा रहे थे। सईद अहमद दो बेटियों की शादी किसी तरीके से कर चुके थे , बाकी पांच बेटियों वह छोटी बेटी की पढ़ाई लिखाई किसी तरीके से करा रहे थे। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद परिजन जब सो गए थे उसी बीच ना जाने कहां से विषैला सांप पहुंचा गया तथा 12 वर्षीय अलसिका को काट लिया। इलाज के दौरान बालिका की अस्पताल में ही मौत हो गई। सांप काटने के बाद भी बिस्तर के पास से नहीं हटा था, परिवार के सदस्य उसकी निगरानी कर रहे थे लेकिन जब बालिका की मौत की जानकारी घर पर मौजूद अन्य परिजनों को हुई तो वे तत्काल सांप को भी मार डाले। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है बालिका की मां रो–रो कर बेहोश हो जा रही है।

# गरीब महिलाओं में वितरित किया कंबल और ऊनी वस्त्र

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के श्रद्धांजलि दिवस पर गरीब महिलाओं को कंबल और ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के पिता राज भूषण पांडे व उनके भाई पंकज पांडे ने कृष्णापुर गांव में यह आयोजन कर गरीब महिलाओं को मदद पहुंचाई। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायन पांडे पवन के पिता राज भूषण पांडे ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने गरीबों के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया उन्होंने ताउम्र गरीबों की मदद करने का जो बीड़ा उठाया था उसे जिंदगी के अंतिम सांस तक निभाया। पूर्व मंत्री तेजनारापण पांडे पवन के छोटे भाई पंकज पांडे ने इस मौके पर कहा कि मुलायम सिंह यादव ने युवाओं को जो रास्ता दिखाया है हम सब उसी रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कटिबद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष शिव बरन यादव पप्पू ने इस मौके पर कहा कि गरीबों के लिए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे व उनके परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी तादाद में महिलाओं को मदद पहुंचाई गई ।समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि कृष्णापुर में आयोजित इस कार्यक्रम में गरीब महिलाओं को कंबल व ऊनी वस्त्र बांटा गया । इस मौके पर समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

# क्षेत्रीय लेखपाल पर धन उगाही का आरोप

सफीपुर उन्नाव। पट्टा आवंटित करने के नाम पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा धन उगाही किये जाने की शिकायत ग्राम प्रधान व सदस्यों ने उपजिलाधिकारी से से कर स्थांतरण करने की मांग की है तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुझारपुर ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान उषा राजपूत व पंचायत सदस्य सुखलाल,दूलम,रामकुमार,प्रदीप,रामशंकर आदि ने उपजिलाधिकारी अजीत जायसवाल को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल व पूर्व प्रधान की मिलीभगत से पट्टा आवंटन के नाम पर पात्रों से धन की उगाही की है ।इसकी जानकारी होने पर उनसे जब विरोध किया गया तो प्रकरण में न पड़ने की धमकी देकर मर्जी से काम करने की हिदायत दे डाली ।ग्राम प्रधान व सदस्यों ने मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# शहीदों की याद में घर घर जलाएं श्रद्धा के दीप

## 16 वर्षो से कर रहे हर साल शहीदों के नाम दीपदान कार्यक्रम

उन्नाव देश की रक्षा में अपने प्राण की बेदी देने वाले अमर शहीद जवानों को दीपदान कार्यक्रम के जरिए याद करने का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। उस मां को नमन करें। जिनके वह लाल हैं। इससे देश की सीमा पर तैनात और देशवासियों की सुरक्षा में लगे सेना, अर्ध सैनिक बल और पुलिस के जवानों का हौसला बुलंद होगा। शहीद होने वाले जवानों को देश बड़ी कृतज्ञता के साथ हमेशा याद करता रहा है। अब उन्नाव में कार्तिक महीने के धनतेरस से कार्तिक पूर्णिमा तक उनकी आत्मा की शांति और सम्मान के लिए एक दीप उन शहीदों के नाम जो लौट कर घर न आये मुहिम के तहत घर– घर दीपदान की शुरूवात की गई ।धनतेरस के दिन पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा के द्वारा निवासियों व सेवा निर्वत्र सेनानियों की मौजूदगी में शनिवार शाम दीपांजलि कार्यक्रम उन सभी वीर शहीदों के नाम पर आयोजित किया गया। गीता पाठ के साथ दीपांजलि के माध्यम से देशभक्त सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनकी शहादत को याद भी किया गया। उन्होंने कहा कि हम सब की ओर से भी दीपक की एक लौ उन शहीदों के नाम हो, जिन्होंने भारत माता की शान के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। जिनके कारण हमारा आन बान और शान बरकरार है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शहीद जवानों से प्रेरणा लेकर त्याग बलिदान देश भक्ति कर्तव्यनिष्ठ की आदर्श मय वेदवती धारा को अपने जीवन में प्रवाहित कर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित होना है। उधर, इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखकर अभी हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के सियांग में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में सेना के शहीद जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की गई है।

# सैन्य शहीद स्मृतिका पर अर्पित की गई पुष्पांजलि

अयोध्या। 'शहीद स्मारक सेवा समिति के तत्वधान में पुलिस स्मृति दिवस पर दीपांजलि व पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन अमर जवान मंगल पांडे चौक स्थित सैन्य शहीद स्मृतिका' पर स्वर्गीय डॉक्टर कांति लाल गुप्ता स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शैलेंद्र सिंह क्षेत्रीय अधिकारी नगर, मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व पुलिस अधीक्षक, अति विशिष्ट अतिथि सूबेदार मंडल मेजर शिव शंकर सिंह व अध्यक्षता कैप्टन के के तिवारी ने शहीदों को दीप व पुष्पांजलि अर्पित कर किया, संचालन ओम प्रकाश सिंह नाहर ने किया जानकारी कविंद्र साहनी ने दिया। विदित हो कि 21 अक्टूबर 1959 को भारत चीन सीमा पर लद्दाख क्षेत्र में 10 केंद्रीय रिजर्व पुलिस पर कपट पूर्ण ढंग से हमला कर दिया था जिसमें उन्होंने उसे निष्प्रभावी करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था, प्रत्येक वर्ष कर्तव्य पथ पर शहीद पुलिस जनों को 21 अक्टूबर को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है आज ही के दिन आजाद हिंद फौज की स्थापना नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। आज इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से हवलदार एस श्रीवास्तव सूबेदार, मेजर वीके द्विवेदी, सूबेदार एतकाद हुसैन, हवलदार रामानंद यादव, सचिन सरीन, भारती सिंह , रुही खान, बुद्धेश्वर मिश्रा, रमेश चौरसिया, अभय सिंह, मयंक साहनी, मानव मेहरोत्रा मौजूद थे।

# युवक ने पत्नी और उसके घर वालों से परेशान होकर की खुदकुशी

कानपुर । शहर के दक्षिण क्षेत्र अंतर्गत बर्रा में युवक ने पत्नी और उसके घर वालों से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। करीब डेढ़ माह बाद शहर लौटी बहन ने पत्नी और उसके घर वालों के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्याणपुर आवास विकास निवासी निभा सचान ने बताया कि वे पति के साथ नोएडा में रहती हैं। उनका भाई वैभव सचान विश्व बैंक बर्रा में अपनी पत्नी ज्योति, सास– ससुर, व भाई के साथ रहता था। सभी भाई को प्रॉपर्टी उसके नाम पर करने के लिए प्रताड़ित करते थे। निभा के मुताबिक 27 अगस्त 2022 के भाई ने उन्हें व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर बताया कि पत्नी ज्योति, उसकी मां विमला, पिता अर्जुन सिंह, भाई आशीष और उसकी पत्नी अनुराधा कई दिनों से प्रताड़ित कर रहे हैं। बहन के मुताबिक भाई ने कहा कि उससे ससुराल वाले भाई–बहन के नाम प्रॉपर्टी उनके नाम करने का दबाव डालते हैं। पत्नी ज्योति ने कहा कि मैं अपने घर जा रही हूं..तुम्हें मरना हो मर जाओ। इसके बाद फोन कट गया। देर रात ज्योति के भाई ने फोन कर बताया कि तुम्हारे भाई ने आत्महत्या कर ली है। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि बहन की तहरीर पर पत्नी समेत पांच पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ज्योति मर्डर: पीयूष और मनीषा के अनैतिक प्रेम ने छह परिवारों को उजाड़ा

## फर्जी सिम कार्ड के साक्ष्य केस की तय करेंगे दिशा

कानपुर । पीयूष और मनीषा के अनैतिक प्रेम ने छह परिवारों को उजाड़ दिया। आशनाई के चक्कर में पीयूष ने ज्योति की नृशंस हत्या कराई लेकिन उस ज्योति की लौ ने आग का रुप लेकर कातिलों को स्वाहा कर दिया। वहीं ज्योति हत्याकांड से जुड़े फर्जी सिम कार्ड के सबूत अहम माने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि फर्जी सिम कार्ड के साक्ष्य केस की दिशा तय करेंगे। इस मामले में अभियुक्त पीयूष व मनीषा के बीच फर्जी सिम के बीच सीडीआर भी महत्वपूर्ण है।

पीयूष के खिलाफ 5 अगस्त 2014 को एक मामला स्वरूप नगर थाना में फर्जी सिम कार्ड का दर्ज हुआ था। पीयूष को फर्जी आईडी पर दो सिम कार्ड देने के आरोप में मोबाइल शाप मालिक गोविंद नगर नौरैयाखेड़ा गजेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। गजेंद्र पीयूष की बिस्कुट फैक्ट्री में नौकरी भी करता है। यह मामला कूट रचित दस्तावेज के जरिए सिम कार्ड हासिल करने के आरोप में दर्ज किया गया था। सिम लेने को लगी वोटर आईडी फर्जी मिली मामले की छानबीन में आया था कि ज्योति की हत्या से कुछ समय पहले पीयूष ने बांदा के ग्राम खौड़ा निवासी शंकर की वोटर आईडी का इस्तेमाल कर सिम लिए थे। इस आईडी का वेरिफिकेशन किए बिना ही गजेंद्र ने एक निजी कंपनी के दो सिम कार्ड पीयूष को जारी कर दिए। एक सिम को गजेंद्र ने अपनी शॉप के मोबाइल से एक्टिवेट किया था जबकि दूसरा सिम हत्यारोपी मनीषा मखीजा के मोबाइल से एक्टिवेट हुआ था।

इससे यह जाहिर हो गया कि मनीषा का सिम गजेंद्र की शॉप पर ले जाया गया था। दोनों सिम कार्डों में एक मनीषा और दूसरा पीयूष इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस ने यह भी संदेह जताया था कि ज्योति मर्डर केस में साजिश रचने में हुई बातचीत में इन सिम कार्डों का इस्तेमाल हुआ है। जिस वोटर आईडी पर सिम जारी हुए थे, उसकी जांच में डीएम बांदा और खौड़ा गांव के प्रधान की रिपोर्ट आई थी। इसमें लिखा था कि इस नाम का कोई भी व्यक्ति गांव में नहीं रहता। वोटर आईडी फर्जी है। फोटो भी फर्जी लगी है। इस मामले में धोखाधड़ी,कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का मामला दर्ज हुआ है।

# गायत्री पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाई गई दीवाली

अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में दीपावली पर्व के अवसर पर दीवाली मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कोमल तिवारी, शुभी सिंह, अंजली सिंह, स्तुति दुबे,वैष्णवी और सरस्वती के साथ–साथ लगभग 2 दर्जन बच्चे प्रतिभागी रहे। विद्यालय परिवार और अभिभावकों की मौजूदगी में घोषित किए गए परिणाम में कल्पना चावला हाउस को प्रथम रैंक, एनी बेसेंट हाउस को द्वितीय रैंक और इंदिरा गांधी हाउस को तृतीय रैंक मिला। बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता में मदर टेरेसा हाउस को प्रथम रैंक, कल्पना चावला को द्वितीय रैंक जबकि इंदिरा गांधी हाउस को तृतीय रैंक मिला। प्रबंधक उमाशंकर शुक्ल ने बच्चों को दीपावली पर्व सावधानी पूर्वक मनाने की नसीहत दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शिखा दुबे ने दीपावली पर्व की विशेषताओं एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रभा शंकर शुक्ल, राजीव दुबे, उमेश चंद्र पांडे, सुधा पांडेय, मधु विश्वकर्मा, प्रिया पांडेय, विश्वजीत मौर्या, सरस्वती तिवारी, मनजीत कौर, रामसूरत तिवारी, सपना कौशल और स्वाति कौशल आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

कानपुर देहात । सिकंदरा थाना क्षेत्र के पीतमपुर गांव के पास हाईवे पार कर रहा अधेड़ तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। यहां इमरजेंसी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

पीतमपुर गांव का शम्मा कुरैशी शुक्रवार देर रात गांव के सामने हाईवे के दूसरी ओर स्थित सैरूयद बाबा की मजार पर जा रहा था। हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया। जोरदार टक्कर लगने से वह उछलकर दूर जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी सिकंदरा भेजा। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# टेंट गोदाम और फास्ट फूड की दुकान में लगी आग, बुझाने में तीन झुलसे

कानपुर । यशोदा नगर के शंकराचार्य नगर में ट्रांसपोर्टर राजीव रतन गुप्ता के घर के बाहर जल रहे कूड़े को आग से टेंट गोदाम और बगल की फास्ट फूड की दुकान में आग लग गई। इस दौरान एक कार भी आग की चपेट में आ गई। आग बुझाने के दौरान तीन लोग झुलस गए। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ी ने आग पर काबू पाया। शंकराचार्य नगर निवासी राजीव रतन के मकान में इलाके के महेश गुप्ता का टेंट हाउस का गोदाम, इलेक्ट्रानिक उपकरण की एजेंसी व परचून की दुकान है। दो दिन पहले उनके घर के बाहर लगे पेड़ों की छटाई हुई थी। राजीव ने शनिवार सुबह पत्तों आदि कूड़ों को एक जगह कर घर के बाहर जलाया था। आग की लपटें हवा से गोदाम में रखे गद्दों व रजाई तक पहुंच गई। जब तक लोग बाहर निकले आग ने बगल में रहने वाले विवेक खरे के मकान में पवन पांडेय की खुली फास्ट फूड की दुकान तक पहुंच गई। जिसे बुझाने में विवेक खरे, महेश शर्मा और उनका भांजे विमल के हाथ झुलस गए।

# सीओ सिटी के नेतृत्व में मानक विहीन पटाखे की दुकान को किया गया सीज

उन्नाव। जिले में दीपावली के चलते अब्बासपुर, शुक्लागंज और अकरमपुर में पटाखों की कई दुकानें लगी है। कई दुकानों में मानक न पूरे होने की जानकारी मिलने पर स्वाट, पुलिस, और दमकल की संयुक्त टीम ने दुकानों को चेक किया। जिसमें अकरमपुर में एक दुकान में क्षमता से अधिक भंडारण और मानक न पूरे होने पर उसे सील किया गया। साथ ही अन्य दुकानदारों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। सीओ सदर आशुतोष ने बताया पुलिस ने दोस्ती नगर चौकी के अब्बासपुर में दीपावली पर्व को लेकर पटाखा की कई दुकानों को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिरा कर भाग निकले। टीम ने कई दुकानों को चेक किया। जिसमें मानक सही पाए गए। वहीं अकरमपुर में लकी पटाखा की दुकान पर सीओ सिटी आशुतोष कुमार, स्वाट प्रभारी प्रदीप कुमार, चौकी इंचार्ज संदीप मिश्रा और दमकल के कर्मियों ने एक दुकान में जाकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके पर दुकान में क्षमता से अधिक बारूद का भंडारण और सुरक्षा के कोई मानक न मिलने पर तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है।

# सांसद जगदंबिका पाल ने स्वच्छता सैनिकों को उपहार देकर किया सम्मानित




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। रविवार को नौगढ़ ब्लॉक परिसर में दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने स्वच्छता सैनिकों को उपहार देकर सम्मानित किया। सांसद जगदंबिका पाल ने स्वच्छता सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी कथनी और करनी में फर्क नहीं है मैंने सदैव कहा की मैं नेता नहीं हूँ सिद्धार्थनगर का बेटा हूँ। मेरी धर्मपत्नी अस्वस्थ हैं डेंगू से संघर्ष कर रही हैं ऐसे कठिन समय में भी मैं उनको अकेला छोड़कर आपको दीपावली की शुभकामनाएँ देने के लिए आपके बीच में उपस्थित हूँ। आज देश में पहली बार हमने



देखा की पीएम मोदी ने सफाई कर्मियों का पाव पखार कर उन्हें जो सम्मान दिया वह सराहनीय है। हम सभी प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र ने किया। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामसुन्दर मित्तल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजू सिंह, युवा नेता राकेश दत्त त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष गंगा मिश्र, नगर महामंत्री राजेश जायसवाल, सरोज शुक्ला, अरुणा मिश्रा, कुलदीप द्विवेदी, विनोद पाण्डेय, बालमुकुंद पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीवाली की पूर्व संध्या पर किया दीप प्रज्वलित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। दिवाली की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे होकर जिला मुख्यालय के सिद्धार्थ चौराहे पर दीप प्रज्वलित किया। आपको बता दें कि हर वर्ष दिवाली की पूर्व संध्या पर विद्यार्थी परिषद एवं भाजपा कार्यकर्ता दीप प्रज्वलित कर दिवाली की शुरुआत करते हैं इस बार रविवार को जिले के भाजपा कार्यकर्ता एवं चुनाव संयोजको द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया। यह सारा कार्यक्रम युवा भाजपा नेता अर्चिष्मान मिश्र द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें सत्य प्रकाश राही ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश दत्त त्रिपाठी ने नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के नागरिकों के सुख और समृद्धि की कामना की इस कार्यक्रम में डॉक्टर अरुण द्विवेदी ,महामंत्री राजेश यसवाल , श्याम सुंदर मित्तल ,आशीष शुक्ला जी, बबलू तिवारी, प्रभात तिवारी , शिशिर मिश्रा ,जतिन चौबे , अरुण पांडे , अखिल मिश्रा सहित मंडल एवं जिले के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।





# एसपी ने फोर्स के साथ की गश्त, परखी सुरक्षा व्यवस्था




दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने शनिवार की शाम को त्यौहार धनतेरस दीपावली को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था देखी। साथ ही तथा शहर के बाजारों में पैदल गश्त करके व्यापारियों से लिया हालचाल पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली रोड से हांजी मार्केट, माघ मेला रोड,सीएस गली, सर्राफा मार्केट होते हुए मंगलबाजार से गोरखपुर तिराहा,रामजनकी मंदिर से पिट्रोल पंप होते हुए रोडबेज सहित मुख्य बाजारध्स्थानों में पैदल गश्त किया गया । पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कोतवाली क्षेत्र के मुख्य बाजारोंध्स्थानो पर भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया । तथा गश्त के दौरान दुकानदारों से संवाद कर दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु प्रेरित किया गया व भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहाँ पर मौजूद सब्जी विक्रेताओं, स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों, रिक्शा चालकों से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बांसी वेदप्रकाश श्रीवास्तव को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना क्षेत्रान्तर्गत भीड़–भाड़, मार्केट वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनोंध् वस्तुओं की गहनता से चौकिंग करने हेतु तथा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक हो वहां महिला पुलिस कर्मियों की निरंतर पेट्रोलिंग लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बेदप्रकाश श्रीवास्तव,एस आई पप्पू गुप्ता सहित बांसी कोतवाली की पर्याप्त पुलिस फोर्स मौजूद रहा

# अंग वस्त्र देकर दी दीपावली की शुभकामनाएं:जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। दीपावली के त्यौहार पर स्वच्छता




कर्मी को सांसद जगदंबिका पाल ने अंग वस्त्र देकर दीपावली त्यौहार की शुभकामनाएं दी है नगर पंचायत के कुल लगभग 80 स्वच्छता कर्मी को अंग वस्त्र और मिठाइयां दी है सांसद ने कहा कि कई वर्षो से त्यौहार पर मिठाइयां देता आ रहा हू। और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस प्रकार से स्वच्छता कर्मियों का मान सम्मान बढ़ाया है स्वच्छता कर्मी पूरे साल साफ सफाई करते रहते है प्रधानमंत्री ने जगह जगह झाड़ू लगाकर स्वच्छता के लिए जागरूक किया है इसी को लेकर उसका बाजार, नौगढ, शोहरतगढ़, नगर पंचायत डुमरियागंज, बढ़नी आदि जगहों स्वच्छता कर्मियों को अंग वस्त्र देकर दी शुभकामनाएं। भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, पूर्व चेयरमैन हेमंत जायसवाल, ओमकार नाथ पांडेय, जितेंद्र पांडेय, रामदरश त्रिपाठी, मुरारी सिंह, राम भरोस चौहान, सरोज शुक्ला, अनूप सिंह आदि लोग रहे मैजूद।

# चाकर चौड़ा में खुला पीआरसी कार्यालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के कपिलवस्तु जिले के चाकर चौडाध अलीगढ़वा मे शान्ति पुर्नस्थापना गृह कार्यालय का



उद्धघाटन किया गया। पीआरसी कृष्णानगर के सुपरवाइजर सिर्जना गौतम ने कहा कि, इंडो नेपाल बार्डर पर स्थित चाकर चौडाध मे कार्यालय खुलने पर क्षेत्र में मानव तस्करी रोकने मे सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि,क्षेत्र के लोगों को भी मानव तस्करी रोकने के लिए सहयोग में आगे आने की जरूरत है।पीआरसी संस्था के परामर्शदाता डिल्लीराज तिमिल्सीन ने कहा कि इस क्षेत्र मे कार्यालय खुलने से मानव तस्करी, श्रम शोषण, बाल मजदूर आदि क रोकने में कारगार सिद्ध होगा। प्रहरी चाकर चौडाध प्र.ब.ना.नि. हरी बस्नेत ने कहा कि चाकर चौडाध मे शान्ति पुर्नस्थापना गृह कार्यालय खुलने से हमारे देश नेपाल के बालक बालिकाओं को दूसरे देख मे ले जाकर बाल मजदूरी, शरीर शोषण, किडनी आदि का तस्करी रोकने के लिए, क्षेत्र मे लोगों को जागरूक करने के लिए, नाबालिग लड़कियों को मानव तस्कर ले जाकर दूसरे देश में बेचने को रोकने के लिए कारगर साबित होगा। पीआरसी, राजू चौधरी, नीलम पासी, आरती थारु, एपीएफ के उपनिरीक्षक, जय प्रकाश गुप्ता , नेपाल प्रहरी के जवान आदि मौजूद रहे।

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं दीपावली व धनतेरस का त्योहार:संजीव दीक्षीत

## बांसी दीपावली/धनतेरस,छट्ठपूजा व भैया दूज के त्योहार को लेकर कोतवाली बांसी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। दीपावली, धनतेरस, छट्ठपूजा व भैया दूज के त्योहार को लेकर कोतवाली बांसी थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में तहसीलदार संजीव दीक्षीत ने लोगों से त्योहार को शांति पूवर्क मनाने की अपील की।शुक्रवार को कोतवाली परिसर में तहसीलदार संजीव दीक्षीत व प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित गई। इसमें तहसीलदार संजीव दीक्षीत ने लोगों से कहा कि आगामी त्योहार को सभी लोगों आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी प्रकार की अफवाह पर धयान दें। अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है तो सबसे पहले इसकी जानकारी पुलिस को दें। ऐसे लोगों पर पुलिस शक्ति से कार्रवाई करेगी। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने गणमान्य लोगों के साथ थाने में बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोग आगामी त्योहार पर आपस में मिल जुलकर मनाएं जिससे की किसी धर्म के व्यक्ति को परेशानी न हो। त्योहार पर एक दूसरे की मदद करें जिससे की सभी का त्योहार अच्छे मन सके। त्योहार पर अगर कोई भी अराजकतत्व गलत हरकत करता है तो पुलिस को सूचना दें। ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ईओ विंध्याचल, एस आई पप्पू गुप्ता, अशोक कुमार यादव , राजेंद्र यादव,ग्रीशचंद्र पांडे, गोपाल जी पांडे,रामसजन यादव,रामलौटन, मंजूर अहमद,जैनुल्लाह, जितेन्द्र पांडे, हरिप्रसाद सिंह, हरिशंकर चौरसिया , बजरंगी बर्मा,अनुप अग्रहरि, घनश्याम जैसवाल उपस्थित रहे।




# इलेक्ट्रिक बस ने युवक को मारी ठोकर, घायल



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के पासपोर्ट आफिस के पास नगर निगम की इलेक्ट्रिक बस ने सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर साईकिलिंग कर रहे युवक को ठोकर मारकर असुरन होते हुए भाग गया। साईकिल डैमेज हो गई। युवक घायल हो गया। 112 पर सूचना दी गई। पीआरवी पहुंची खोजने निकली नही मिली। इस संबंध में शाहपुर थाने पर तहरीर दे दी गई है।

## सम्पादकीय

**युवा पीढ़ी से अपेक्षा की जाती है कि सर्वजनहिताय मनोविकारो ं को ध्वस्त कर एकता की दिशा मे ं बढ़ ाजाए। प्रकाश की श्रंखला व्यर्थ न जाए और अंधकार पर प्रकाश की विजय–पताका फहराये। इस ज्योति पर्व पर दुर्गुणों को परास्त कर अपनत्व विस्तारित हो। संवेदना और सद्भाव को मुखरित कर दीन हीन जनों के ...**

# चलो दीप जलाएं

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

दीप्यते दीपयति वा स्वं परं च जो स्वयं प्रकाशित हो और दूसरों को प्रकाशित करे, उसे दीप कहते हैं। दीपावली दीपों की श्रंखला का पर्व है। जब प्रखर सूर्य और चन्द्र रात्रि के अंधकार को नष्ट करने में विफल होते हैं तब नन्हा सा दीपक इस कार्य को सफल बनाने हेतु स्वयं को समर्पित करता है। दीप पंक्ति तो सम्पूर्ण परिसर को आलोकित करती है। भारतीय संस्कृति में सूर्य, अग्नि और उसके अंशस्वरूप दीपक के सन्दर्भ में उत्कृष्ट भावों को दृष्टिगत किया गया। गोधूलि काल में दीप मनोहारी दृश्य की सृष्टि करता हुआ मन में अद्भुत शांति और आशा का संचार करता है। सांस्कृतिक परम्परा में दीपक की विशेष संस्थिति है। अंधकार में सजग प्रहरी है दीप जो अन्तर्मन में व्याप्त भेदभाव, वैमनस्य, द्वेष, नैराश्य के अंधकार को दूर करने हेतु प्रेरित करता है। प्रकाश का जनक, ज्ञान का प्रतीक, वातावरण का शोधक, पथ का प्रदर्शक दीपक अपने कर्तव्य से देदीप्यमान रहता है। दीप है तो उजाला भी अवश्य है। वैदिक संदेश है कि हम अंधकार से प्रकाश की ओर चलें– तमसो मा ज्योतिर्गमय। अंतस के अज्ञान को दूर कर नवीन ऊर्जा का संचार करने का यह पर्व है। यह जीवन को ज्योतिर्मय करने का संदेश देता है। दीपक की ज्योति सदैव ऊपर की ओर बढ़ती है, मानवीय वृत्तियां भी उर्ध्वगामी हों। वैदिक संदेश है– उद्यानम् ते पुरूष नावयानम्। अर्थात् उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहो और पतन से सावधान। महात्मा बुद्ध संदेश देते हैं कि 'अप्प दीपो भव'। अपने दीपक स्वयं बनो और अन्तःज्योति से जीवन को अर्थवान बनाओ। दीप कल्याणेच्छु बनकर सबका मार्गदर्शन करता है– शुभम् करोति कल्याणम् आरोग्यम् धनसंपदा। शत्रुबुद्धि विनाशाय दीपकाय नमोऽस्तु ते।। पर्यावरण की दृष्टि से भी इसका महत्त्व है। शुद्ध घृत अथवा सरसों के तेल से प्रज्वलित दीपक परिवेश को हानिकारक तत्वों से मुक्त कर, वातावरण को प्रदूषण मुक्त कर सात्विकता व शुद्धता का विस्तार करता है तथा स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से अनुकूलता लाता है। संस्कृत साहित्य में तो दीपक शब्द वैशिष्ट्य व वैविध्य को प्रकाशित करता है–प्रदोषे दीपकः चंद्रः प्रभाते दीपको रविः। त्रैलोक्ये दीपकः धर्मः सुपुत्रो कुलदीपकः।। अर्थात् रात्रि में चंद्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है, और सुपुत्र कुलदीपक है। हिंदी के साहित्यकार गोपालदास नीरज धरा के अंध ोरे को दूर करने के लिए आह्वान करते हुए दिखाई देते हैं– जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना, अंध ोरा धरा पर कहीं रह ना जाए। महादेवी वर्मा भी अपने मन के दीपक को प्रखर कर रही हैं– आस की तुम आड़ लेकर दीप मेरे, जल अकंपित। दीप अपना अस्तित्व सार्थक करता है। किसी वस्तु के संज्ञान के लिए दीपक सहायक बनता है। प्रज्ज्वलित दीपक मन में आशा का संचार करता है। दीप सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति कराता है। यह अंधकार को दूर करने में सर्वात्मना डटे रहने, लक्ष्य पर अडिग रहने का संदेश देता है। वस्तुतः दीप प्रज्ज्वलन का आध्यात्मिक पहलू भी है। यह भौतिक शरीर दीपक है जो स्नेह (तेल) से प्रज्वलित होता है जब स्नेह परस्पर वितरित होता है तो जीवन सार्थकता की दिशा मे ं प्रवृत्त होता है। सं वेदना, सौमनस्य, सहानुभूति से मानवता आशान्वित होती है। स्वयं के लिए ही नहीं परार्थ भी नैराश्य दूर करने का ध्येय हो। युवा पीढ़ी से अपेक्षा की जाती है कि सर्वजनहिताय मनोविकारो ं को ध्वस्त कर एकता की दिशा मे ं बढ़ ाजाए। प्रकाश की श्रंखला व्यर्थ न जाए और अंधकार पर प्रकाश की विजय–पताका फहराये। इस ज्योति पर्व पर दुर्गुणों को परास्त कर अपनत्व विस्तारित हो। संवेदना और सद्भाव को मुखरित कर दीन हीन जनों के सहायतार्थ दीप–श्रंखला प्रज्ज्वलित हो। सौहार्द से मानवता के संरक्षित और आच्छादित हो। प्रबल अपेक्षा तो यह है कि घोर निराशाओं के मध्य भी आशा के दीप जलाए जाएं। यही दीपोत्सव की सार्थकता है। चलो, सनातन संस्कृति से हस्तांतरित ज्ञानदीप के प्रज्ज्वलन की परंपरा को आगे बढ़ाएं।

**डॉ0 कनक रानी पूर्व प्राचार्य,**
**आर्य महिला डिग्री कालेज,**

# इमरान खान की जीत का अर्थ

वेद प्रताप वैदिक

पाकिस्तान संसद की आठ सीटों के लिए हुए उप–चुनाव में इमरान खान ने छह सीटें जीत लीं। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीके–इंसाफ ने कुल सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन सातों सीटों पर उसका बस एक ही उम्मीदवार था। उसका नाम था– इमरान खान! क्या आपने कभी सुना है कि भारत, पाकिस्तान या दुनिया के किसी देश में एक ही उम्मीदवार सात सीटों पर एक साथ खड़ा हुआ है? कभी नहीं।

यह पहली बार पाकिस्तान में ही हुआ है। भारत और पाकिस्तान में उम्मीदवारों को यह छूट है कि वे एक से ज्यादा सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन इमरान खान की खूबी यह है कि वे छह सीटें जीतने के बावजूद पाकिस्तान की संसद में पांव भी नहीं रखेंगे। उनकी पार्टी संसद का बहिष्कार कर रही है। उनका कहना है कि शाहबाज शरीफ की यह सरकार विदेश से आयातित है या फौज के द्वारा थोपी गई है। अब जो संसद पाकिस्तान में चल रही है, वह भी फर्जी है। असली संसद और असली सरकार तभी बनेगी, जबकि चुनाव होंगे और जनता उनको चुनेगी।

यों तो चुनाव 2023 में होने हैं लेकिन इमरान की मांग है कि वे तुरंत होने चाहिए। इमरान जबसे अपदस्थ हुए हैं, वे अनवरत आंदोलनकारी बन गए हैं। पूरे पाकिस्तान में घूम–घूमकर वे सभाएं और प्रदर्शन आयोजित कर रहे हैं। सरकार भी उनका जमकर पीछा कर रही है। इमरान की सभाओं में लाखों लोग आ रहे हैं और उनको सभी प्रांतों में भारी जन–सहयोग मिल रहा है। इमरान पठान हैं लेकिन उनका पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में भी पख्तूनख्वाह की तरह गर्मजोशी से स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार जल्दी ही चुनाव नहीं करवाएगी तो वे धरने, प्रदर्शन और सत्याग्रह आदि का जबर्दस्त आयोजन करेंगे। उनका आरोप है कि सरकार उन्हें कुछ आपराधिक मामलों में भी फंसाने की कोशिश कर रही है लेकिन उसकी दाल नहीं गल पा रही है। वे शाहबाज सरकार को श्भ्रष्ट और भगोड़ोंय की सरकार कहकर संबोधित करते हैं। जिस फौजी नाराजी के कारण इमरान की सरकार गिरी थी, वह फौज भी तटस्थ दिखाई पड़ रही है।

इस समय पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता हो गई है। भयंकर बाढ़ ने कोढ़ में खाज का काम किया है। मंहगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। शाहबाज शरीफ पंजाब प्रांत के सफल और यशस्वी मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन उनकी बदकिध्स्मती है कि उनका प्रधानमंत्री–काल इतना संकटापन्न है। इस उप–चुनाव में इमरान की प्रचंड विजय ने उनकी सरकार की चूलें हिला दी हैं।

# एंटोनियो गुटेरस की नसीहत

**विगत 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक द्वआरबीआईत्र के द्वारा भारत व अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपये में किए जाने संबंधी निर्णय के बाद इस समय डश्वलर संकट का सामना कर रहे रूस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका के साथ विदेशी व्यापार के लिए डश्वलर के बजाय रुपए में भुगतान को बढ़ावा देने की नई संभावनाएं सामने खड़ी हुई दिखाई दे रही हैं । हाल ही में 7 ...**

भारत में इस वक्त आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। लेकिन इस तथाकथित अमृतकाल में सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या आम भारतीय के पास गरिमामय जीवन के अधिकार हैं, क्या एक सामान्य भारतीय नागरिक को जो अधिकार संविधान से मिले हैं, वे सुरक्षित हैं, क्या अल्पसंख्यकों, दलितों, मजदूरों, आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं, बच्चों और समाज के तमाम कमजोर वर्गों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार हो रहा है। इन सवालों के उठने की वजह ये है कि हर दूसरे दिन कोई न कोई ऐसी खबर आती है जिससे मानवाधिकारों के हनन की गंध मिलती है।

पिछले अगस्त माह से गुजरात दंगों की पीड़ित बिलकिस बानो के दोषियों को रिहा करने और उनका स्वागत करने पर सवाल उठ रहे हैं। कई पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र नेताओं और अल्पसंख्यक समुदायों की आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने की घटनाएं बीते महीनों में हुई हैं। दो दिन पहले ही कश्मीर की छायाकार–पत्रकार सना इरशाद मट्टू को अमेरिका जाने से दिल्ली विमानतल पर रोक दिया गया।

सुश्री मट्टू को उनके छायाचित्रों के लिए पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसके लिए उन्हें अमेरिका जाना था। ऐसा उनके साथ लगातार दूसरी बार हुआ है। इस बारे में अमेरिकी सांसद एडम स्किफ ने की कि वह इस खबर से परेशान हैं कि सुश्री मट्टू को पुलित्जर पुरस्कार लेने के लिए अमेरिका से रोका गया। उन्होंने कहा कि कहा कि मीडिया को चुप करने और उसका उत्पीड़न करने की कोशिशें खत्म होनी चाहिए। एडम स्किफ की इस टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में दखल की तरह देखा जा रहा है।

भारत सरकार इस बारे में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकती है, लेकिन सवाल ये है कि आखिर हमारे मामलों में दूसरों को उंगली उठाने का मौका मिल कैसे रहा है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जब भारत को अल्पसंख्यकों, पत्रकारों, मानवाधि ाकार कार्यकर्ताओं के अधिकारों की रक्षा के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणियां सुननी पड़ी हैं। मीडिया की आजादी, लोकतंत्र, मानवाधिकार आदि की वैश्विक सूची में हमारी स्थिति लगातार गिर रही है। यह चिंता का विषय है और सरकार को इस पर गंभीरता से आत्मावलोकन की जरूरत है। मगर हर बार ऐसी टिप्पणियों को खारिज करने की कोशिशें की जाती हैं, जिससे समस्या सुलझने की जगह और बिगड़ती जाती है।

अब एक बार फिर भारत को ऐसी ही स्थिति से दो–चार होना पड़ा है। आईआईटी बॉम्बे में श्इंडिया एट 75 रू यूएन इंडिया पार्टनरशिप साउथ–साउथ कॉपरेशनश्श विषय पर बोलते हुए संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि जब भारत अपने घर में समावेशी व्यवस्था और मानवाधि ाकारों को लेकर मजबूती से प्रतिबद्धता दिखाएगा, तभी उसकी आवाज को वैश्विक मंच पर भी गंभीरता से लिया जाएगा। एक ओर सरकार वैश्विक नेतृत्व में भारत की अहम भूमिका को लेकर दावा कर रही है, लेकिन दूसरी ओर यूएन प्रमुख से ऐसी नसीहत सुनने मिलना, एक बड़ा झटका है।

एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि, भारत मानवाधिकार परिषद में निर्वाचित सदस्य है और उसकी यह जिम्मेदारी है कि वैश्विक मानवाधिकार को दिशा दे और अल्पसंख्यक समेत सभी व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करे। भारत की बहुविध संस्कृति के बारे में श्री गुटेरस ने कहा कि विविधता एक तरह की संपन्नता है और इससे आपका देश मजबूत होता है। जन्मसिद्ध अधिकार सभी भारतीयों के पास है लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसे हर दिन और हर समाज में मजबूत करने की जरूरत है। वहीं राष्ट्रपिता को याद करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी के मूल्यों पर चलते हुए सभी के अधिकारों और मानवीय गरिमा का सम्मान होना चाहिए। खास कर उनका जो मुश्किल स्थिति में रह रहे हैं। इसके अलावा नफरत भरे बयानों की निंदा करते हुए संरा महासचिव ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा होना चाहिए।

एंटोनियो गुटेरस की इन बातों पर हलचल मचनी शुरु हो गई है, जो कि स्वाभाविक ही है। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने मानवाधिकारों पर इस तरह नसीहत देने की निंदा करते हुए इसे भारत के लोकतंत्र का अनादर बताया। साथ ही याद दिलाया कि चीन में उइगर मुसलमानों के अधिकारों के हनन पर वे चुप रहते हैं। यह सही बात है कि चीन में उइगर मुसलमानों का शोषण हो रहा है। और इसकी भरपूर आलोचना होनी चाहिए। लेकिन इससे अपने देश में जो गलत हो रहा है, उसे सही नहीं ठहराया जा सकता। बल्कि सब कुछ ठीक तब होगा, जब हरेक नागरिक के अधिकारों की रक्षा होगी, चाहे वह किसी भी वर्ग, धर्म या संप्रदाय का हो। गौरतलब है कि संरा महासचिव ने केवल भारत की आलोचना नहीं की, बल्कि दुनिया भर में मोदी सरकार की ओर से वैक्सीन पहुंचाने की प्रशंसा भी की। जब हम उनकी प्रशंसा को बिना किसी सवाल के स्वीकार कर सकते हैं। तो फिर उनकी आलोचना को स्वीकार करने का हौसला भी दिखाना होगा।

आजादी का अमृत महोत्सव सही मायने में तभी अपनी छाप छोड़ेगा, जब भारत के नागरिकों को संवैधानिक दायरे में हर तरह की आजादी हासिल होगी। उसके बिना यह उपलब्धि भी समुद्र मंथन के अमृत कलश की तरह हो जाएगी, जिसमें कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ मिलेगा, बाकी प्रतीक्षा करते रह जाएंगे।

# हम विश्वगुरु फिर भी हमें बदनाम कर रही दुनिया!

**इसमें कई रिपोर्ट्स बेहद चिंताजनक हैं। जैसे भूख की ताजा रैंकिंग है, जिसमें बताया गया है कि दक्षिण एशिया के ज्यादातर देशों की स्थिति भारत से बेहतर है। श्रीलंका, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश की रैंकिंग भी भारत से बेहतर है। भूख के वैश्विक सूचकांक में भारत को सौ में से सिर्फ 29.1 अंक मिले हैं, सन 2000 में यह 38.8 था। भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों 19.3 फीसदी बच्चे ऐसे हैं...**

अजीत द्विवेदी

इस साल का भूख का वैश्विक सूचकांक यानी ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी होने के बाद भारत में जो बहस छिड़ी है उसमें सबसे दिलचस्प प्रतिक्रिया भारत सरकार की अपनी है। दुनिया के 120 देशों के इस सूचकांक में भारत 107वें नंबर पर है। पिछले साल यानी 2021 में भारत 101वें स्थान पर था और उससे पहले 2020 में 94वें स्थान पर था। यानी भारत की रैंकिंग में हर साल छह–सात स्थान की गिरावट की एक किस्म की निरंतरता है। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा श्भारत में बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है और यह भारत को बदनाम करने के लिए निरंतर चल रहे अभियान का एक हिस्सा हैय। मंत्रालय ने यह भी कहा कि ये जो रैंकिंग बनाई गई है वह चार मानकों पर आधारित है, जिसमें तीन मानक बच्चों से जुड़े हैं और एक मानक महज तीन हजार लोगों की राय पर आधारित है। बच्चों वाले मानकों पर ज्यादा ध्यान दिए जाने को खारिज करते हुए महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है।

महिला व बाल विकास मंत्रालय की प्रतिक्रिया दो मायने में बहुत दिलचस्प है। भूख की रैंकिंग में भारत के लगातार नीचे गिरते जाने पर विचार से पहले इसका जिक्र जरूरी है कि मंत्रालय की प्रतिक्रिया क्यों दिलचस्प है। पहली बात, जो मंत्रालय ने कही है वह ये है कि दुनिया भर में भारत को बदनाम करने का अभियान चल रहा है। यह स्पष्ट रूप से भारत सरकार के विज्ञापनों, प्रचार और प्रधानमंत्री सहित तमाम बड़े मंत्रियों के बयानों का खंडन है। खुद नरेंद्र मोदी ने कितनी बार कहा है कि उनके प्रध ानमंत्री बनने के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है, दुनिया भारत की बात ध्यान से सुनती है और भारत की बात मानती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला अब प्रध ानमंत्री मोदी की राय के बिना नहीं होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन से भारतीयों को सुरक्षित निकलवाने के लिए रूस–यूक्रेन युद्ध रूकवा दिया था। सोचें, जिस देश का प्रधानमंत्री इतना ताकतवर हो, जिसके हिसाब से दुनिया चलती हो उस देश को बदनाम करने का अभियान भला कौन चला सकता है? दोनों में से कोई एक ही बात हो सकती है या तो भारत को बदनाम किया जा रहा है या भारत का सम्मान दुनिया भर में बढ़ा है!

दूसरी दिलचस्प बात यह है कि मंत्रालय ने कहा कि जिन चार पैमानों पर रैंकिंग तैयार की गई है उनमें एक पैमाना तीन हजार लोगों के बीच हुआ सैंपल सर्वे है। इतने बड़े देश में इतने कम लोगों को सैंपल सर्वे के आधार पर कोई भी निष्कर्ष कैसे निकाला जा सकता है? सवाल तो बड़ा जायज दिख रहा है। लेकिन क्या हर साल जब यह ग्लोबल रैंकिंग आती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनको 70 फीसदी लोगों का एप्रूवल है तो किसी भाजपा नेता की ओर से इस पर सवाल उठाते देखा है किसी ने? प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता घोषित करने वाली संस्था का नाम श्मॉर्निंग कंसल्ट्य है और उसके सर्वे का साइज 2,126 लोगों का है। सभी देशों के मुकाबले सबसे छोटा सैंपल साइज भारत का होता है। भारत के 10 हजार साक्षर लोगों में से दो की राय पर आधारित होता है मोदी के सबसे लोकप्रिय नेता होना की घोषणा। लेकिन इसे दिल खोल कर स्वीकार किया जाता है और भाजपा के बड़े नेता आदि इसे ट्विट करके दुनिया को बताते हैं। सोचें, अमेरिका की एक नामालूम सी संस्था दो हजार लोगों की राय पूछ कर एक रैंकिंग बनाती है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया जाता है तो उसे सहज भाव से स्वीकार किया जाता है। इसी तरह विश्व बैंक की ओर से बनाई गई कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत का स्थान सुधरा तो प्रधानमंत्री सहित सारे मंत्रियों ने इसका डंका बजाया। हालांकि बाद में कारोबार सुगमता की रैंकिंग को बंद कर दिया गया क्योंकि विश्व बैंक को अपनी जांच में पता चला कि कई देशों ने पैसे देकर इसमें हेराफेरी कराई थी। इसके बावजूद भारत उस रैंकिंग को बड़े गर्व से स्वीकार करता है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़ी एजेंसियां या दूसरी प्रतिष्ठित संस्थाएं कोई रैंकिंग जारी करती हैं, जिनमें भारत का स्थान नीचे होता तो उसे तत्काल खारिज कर दिया जाता है और कहा जाता है कि यह भारत को बदनाम करने के अभियान का हिस्सा है। सोचें, अगर अमेरिका की कंपनी श्मॉर्निंग कंसल्ट्य या अमेरिका में स्थित विश्व बैंक किसी मामले में भारत का मान बढ़ा रहे हैं तो संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्थाएं क्यों भारत को बदनाम करने का अभियान चलाएंगी? इसके लिए हिंदी में एक मुहावरा है– मीठा मीठा गप्प, कड़वा कड़वा थू! जिस सर्वे में या जिस सूचकांक में भारत को अच्छा स्थान मिलेगा उसे स्वीकार किया जाएगा और जिस सूचकांक में भारत का स्थान नीचे जाएगा उसमें खारिज कर दिया जाएगा, यह नीति प्रचार और जन संपर्क रणनीति यानी पीआर के लिए तो ठीक है लेकिन देश की सेहत और उसके नागरिकों के भविष्य के लिए अच्छी नहीं है। यह बिल्ली को देख कर कबूतर की तरह आंख बंद कर लेने जैसा है। संकट या समस्या के इनकार से संकट समाप्त नहीं होते हैं और न उनका समाधान होता है। सरकार अगर आगे बढ़ कर समस्या को स्वीकार करती है तभी उसका समाधान निकलेगा। जो समस्याएं प्रत्यक्ष, नंगी आंखों से दिख रही हैं, सरकार और सत्तारूढ़ दल उससे भी इनकार कर रहा है। दुनिया भर की संस्थाओं ने भारत में लोकतंत्र की स्थिति, प्रेस की स्वतंत्रता, मानवाधिकार की स्थिति, भुखमरी और कुपोषण के हालात, धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति सहित अनेक क्षेत्रों में गिरावट को रेखांकित किया है। नियमित अंतराल पर अलग अलग संस्थाओं की रिपोर्ट आती है और ग्लोबल रैंकिंग जारी होती है, जिसमें ज्यादातर में भारत की स्थिति में गिरावट दिख रही है।



# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक सम्पन्न

प्रतापगढ़। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक विकास भवन के सभागार में माननीय सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें माननीय सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक बाबागंज विनोद सरोज, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, विधायक पट्टी राम सिंह, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, एमएलसी उमेश द्विवेदी, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि लाल साहब सिंह, एमएलसी डा0 महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, विधायक रामपुरखास के प्रतिनिधि भगौती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख लक्ष्मणपुर राकेश सिंह सहित ब्लाक प्रमुख अलावा अन्य जनप्रतिनिधिगण व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महात्मा गांधी रोजगार गारन्टी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय की स्थापना एवं भारत नेट से कनेक्विटी आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गयी। सांसद संगम लाल गुप्ता द्वारा गत बैठक में विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के सम्बन्ध में की गयी शिकायत कि बिना बैठक कराये मनरेगा धनराशि से किये गये भुगतान के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट अभी तक उपलब्ध न कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त की, डीसी मनरेगा द्वारा बताया गया कि जांच पूर्ण कर ली गयी है जिस पर निर्णय कर रिपोर्ट 20 दिवस में प्रस्तुत कर दी जायेगी। अमृत सरोवर के सम्बन्ध में डीसी मनरेगा द्वारा बताया गया कि लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में 75 अमृत सरोवर एवं कौशाम्बी क्षेत्र में 20 अमृत सरोवर पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, इसके अतिरिक्त शासन के निर्देश के क्रम में सभी ग्राम पंचायतों में जल संग्रह बढ़ाने के उद्देश्य से तालाब की खुदाई का कार्य किया जा रहा है।सांसद द्वय ने अमृत सरोवर के सम्बन्ध में भारत सरकार की गाइडलाइन का शत् प्रतिशत अनुपालन कराने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि जनपद के सभी चयनित अमृत सरोवरों पर जो बोर्ड लगाये जाये उनकी साइज, कलर एवं डिजाइन समान रखा जाये ताकि उन्हें पहचाना जा सके। विधायक सदर द्वारा चिलबिला, गड़वारा, संग्रामपुर में पुराने तालाबों के अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने की मांग की। दीनदयाल अन्त्योदय योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुये वित्त पोषित रोजगार परक योजनाओं की ऋण पत्रावलियों को मनमाने ढंग से आपत्ति लगाकर बैंकों द्वारा वापस करने तथा लाभार्थियों को ऋण न स्वीकृत करने पर सांसद कौशाम्बी ने नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिया गया कि जिन बैंकों द्वारा भारत सरकारध्प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन नही किया जा रहा है ऐसे बैंकों के विरूद्ध कार्यवाही के लिये उनके नियंत्रक अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाये। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा करते हुये कहा कि ऋण पत्रावलियों को लाभार्थी के सर्विस बैंक एरिया में ही पत्रावलियॉ प्रस्तुत की जाये ताकि लाभार्थी को अनावश्यक न दौड़ना पड़े। सांसद कौशाम्बी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता ठीक नही है, उन्होने अपने संसदीय क्षेत्र में बनने वाली सड़कों के सम्बन्ध में उनके द्वारा कोई प्रस्तावध्वरीयता विभाग द्वारा न लिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि पीएमजीएसवाई की सड़कों का शिलान्यास एवं लोकार्पण गाइडलाइन के अनुसार कराया जाये। उन्होने 05 साल के अन्दर अपने संसदीय क्षेत्र में बनने वाली सड़कों की जांच कराने की मांग की। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुये सांसद कौशाम्बी द्वारा निर्देश दिया गया कि नवसृजित नगर पंचायतों एवं विस्तारित नगर पंचायतोंध्नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में उस नगर क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम पंचायतों की स्थायी पात्रता सूची के लाभार्थियों को आवास चयन में सम्मिलित किया जाये। इसके अतिरिक्त सभी नगर पंचायतों में आवास लाभार्थियों के आवेदन हेतु कैम्प लगाकर आवेदन प्राप्त किये जाये तथा इसकी सूचना माननीय जनप्रतिनिधियों को भी दी जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना में जो गांव पोर्टल पर तकनीकी कारणों से नही दिखायी दे रहे है उनके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाये। नगर पंचायत पट्टी में स्वच्छ शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में विधायक पट्टी द्वारा की गयी शिकायत की जांच 15 दिवस में पूर्ण कर माननीय विधायक को रिपोर्ट प्रेषित की जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल के प्रगति की समीक्षा करते हुये सांसद द्वय ने जनपद में हर घर नल योजना के अन्तर्गत कार्य कर रही पावर मैक एवं जीएमसी द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि 30 अक्टूबर 2022 तक सभी ग्राम पंचायतों के डीपीआर बना लिये जाये ताकि प्रधानमंत्री जी के महत्वाकांक्षी योजना के अनुसार हर घर को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने किसानों को उत्कृष्ट आलू के बीज उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही विधायक रानीगंज द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुये सांसद द्वय ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत से भारत सरकार की रिवैम्प योजना की मानक एवं जनपद में कराये गये सर्वे एवं उक्त योजना के अन्तर्गत लिये गये गांवों की सूची 15 दिवस में सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया कि पृथक से जिला विद्युत समिति की बैठक माह नवम्बर में आयोजित कर विद्युत के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की जायेगी ताकि जनपद की विद्युत समस्या का समाधान किया जा सके। सांसद द्वय ने विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण कराये जाने तथा विद्यार्थियों को ड्रेस, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। ग्राम सचिवालयों की स्थापना एवं उसमें नेट कनेक्विटी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी।इसके अतिरिक्त पंचायतों में कम्प्यूटर, प्रिन्टर, फर्नीचर खरीद की स्थिति के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकास खण्डवार जानकारी दी। जनपद में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल में 30 बेड पृथक से आरक्षित कर दिये गये है, सांसद द्वय ने स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज तथा सभी नगर पंचायतों को समन्वय बनाकर 03 दिवस का अभियान चलाकर फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव, नालियों की सफाई शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों में कराने का निर्देश दिया। सांसदध्अध्यक्ष जी ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी शिकायतें एवं प्रस्ताव प्राप्त हुये है उनको गम्भीरता से लेकर निस्तारण कराते हुये उन्हें अवगतक भी करायें। सभी अधिकारी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन की स्थिति से माननीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये। सांसदध्अध्यक्ष ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय बनाकर शासन की योजनाओं को समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करायें।

# बच्चे देश का भविष्य हैः हरिश्चंद्र प्रजापति

सीतापुर ।भारत परिषद द्वारा स्थानीय आर्य नगर स्थित आर्य कन्या इंटर कालेज प्रागण में सम्मान समारोह का आयोजन किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश राय व संचालन जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति व विशिष्ट अतिथि में ज्ञानवती दीक्षित उपस्थित रही। प्रारम्भ में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का बैच अलंकरण कर स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान अतिथि में पधारे जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति ने कहा निश्चित रूप से बच्चे देश का भविष्य है तथा कल देश को इन्हीं को संभालना है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हम सभी की सामूहिक जवाबदारी है।

संगठन समाज को बढ़ाने के लिए बच्चों को उत्त्साहवर्धन के लिए प्रयास कर रहा है। संगठन के इस प्रकार के कार्यो से लोगो को प्रेरणा मिलेगी और इस प्रकार के सराहनीय कार्य के लिए संगठन अध्यक्ष आकाश राय सहित सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है। समारोह के दौरान परीक्षा सामान्य ज्ञान जूनियर वर्ग में पारस निगम प्रथम महिमा चौधरी द्वितीय आयुष्मान शुक्ला तृतीय व सीनियर वर्ग में मो रजी खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान परीक्षा में सभी विजयी प्रतिभागियो को मुख्य अतिथी द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उत्कृष्ट सेवा सम्मान राष्ट्पति पुरुस्कार शिक्षक व जिला अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ अशोक प्रजापति, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश कश्यप, जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव अजीत सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, विजय कुमार शुक्ला,राम कुमार कटियार, अनिल श्रीवास्तव, कोमल जैन, जिला संगठन मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, उपाध्यक्ष डॉ विकास जैन, डॉ राजीव मिश्रा, सोशल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा नगर अध्यक्ष सुभित बाजपेई जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ संजय पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपाई, जिला मंत्री अम्ब्रीश दीक्षित, जिला अध्यक्ष महिला शशिकला मिश्रा, विद्यालय की शिक्षिका रीता गंगवार, बिन्दु वर्मा को मुख्य अतिथी व जिला अध्यक्ष आकाश राय ने प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष आकाश राय ने उपस्थित सभी अतिथियों सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, महासचिव डॉ वीरेन्द्र आर्य, संरक्षक शिव बालक त्रिवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ याकूब खान को स्मृति चिन्ह भेट किया अंत में जिला अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ अशोक प्रजापति ने सभी का आभार जताया।

# पहला ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 29 अक्टूबर को

सीतापुर । जिलाधिकारी कलेक्टर अनुज सिंह ने बताया कि सीतापुर के महमूदाबाद में पहला ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आगामी 29 तारीख को क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा लाया जाएगा। पहला ब्लॉक के 65 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रमुख रावेंद्र कुमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 29 सितंबर 2022 को अधिकारियों के समक्ष पेश किया था। जिसके बाद यह मामला उच्च न्यायालय में चला गया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब 29 अक्टूबर 2022 को उपजिलाधिकारी महमूदाबाद और परगना अधिकारी के सामने पहला प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान किया जायेगा और मतपेटिका को ट्रेजरी में उच्च न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक सुरक्षित रखा जायेगा। वहीं महमूदाबाद ब्लाक के बीच 63 सदस्यों द्वारा क्षेत्र पंचायत प्रमुख मुकेश कुमार के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होगा।

सीतापुर के महमूदाबाद विधानसभा के पहला ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र कुमार के खिलाफ 65 क्षेत्र पंचायत सदस्यों और महमूदाबाद ब्लाक प्रमुख के खिलाफ 63 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव का मोर्चा 29 सितंबर 2022 को खोला था। पहला ब्लॉक के इन 65 और महमूदाबाद 63 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हस्ताक्षरित नोटरी सत्यापित शपथ पत्र का लिखित नोटिस उप जिलाधिकारी महमूदाबाद को दिया था जिसके बाद 30 सितंबर 2022 को ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों की नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक होनी थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ जिसके बाद यह क्षेत्र पंचायत सदस्य उच्च न्यायालय चले गए। उच्च न्यायालय में मामला जाने के बाद 18 अक्टूबर 2022 को न्यायालय द्वारा उप जिलाधिकारी महमूदाबाद को यह निर्देश दिए गए कि 29 अक्टूबर 2022 को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आहूत कर दोनों ही ब्लॉक में अविश्वास प्रस्ताव पर चुनाव कराया जाए। न्यायालय के आदेश के बाद अब 29 अक्टूबर 2022 को उप जिला अधिकारी महमूदाबाद की देखरेख में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक बुलाकर अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होगा और न्यायालय के आदेश अनुसार मतदान होने के पश्चात मतपेटिका को न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक महमूदाबाद की ट्रेजरी के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा।

# आम की फसल को गुजिया एवं मिज कीट से बचायें

सीतापुर ।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि आम की उत्पादकता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि आम की फसल को सम–सामयिक हानिकारक कीटों से बचाने हेतु उचित समय पर प्रबन्धन किया जाये। माह नवम्बर एवं दिसम्बर अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस माह में गुजिया एवं मिज कीट का प्रकोप प्रारम्भ होता है। जिससे फसल को काफी क्षति पहॅुचती है। अत एवं उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 द्वारा बागवानों को कीट के प्रकार एवं प्रकोप के नियंत्रण हेतु सलाह दी जाती है कि गुजिया कीट के शिशु जमीन से निकल कर पेंड़ों पर चढ़ते हैं और मुलायम पत्तियों, मंजरियों एवं फलों से रस चूसकर क्षति पहॅुचाते हैं। इसके शिशु कीट 1–2 मिमी0 लम्बे एवं हल्के गुलाबी रंग के चपटे तथा मादा वयस्क कीट सफेद रंग के पंखहीन एवं चपटे होते हैं। इस कीट के नियंत्रण के लिए बागों की गहरी जुताई गुड़ाई की जाये तथा शिशु कीट को पेंड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिए माह नवम्बर–दिसम्बर में आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 50–60 से0मी0 की ऊॅचाई पर 400 गेज की पालीथन शीट की 50 से0मी0 चौड़ी पट्टी को तने के चारों ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पॉलीथीन शीट के ऊपरी व निचले हिस्से पर ग्रीस लगा देना चाहिए जिससे कीट पेंड़ों के ऊपर न चढ़ सके। इसके अतिरिक्त शिशुओं को जमीन पर मारने के लिए दिसम्बर के अंतिम या जनवरी के प्रथम सप्ताह से 15–15 दिन के अन्तर पर दो बार क्लोरीपाइरीफॉस (1.5प्रतिशत) चूर्ण 250 ग्राम प्रति पेंड़ के हिसाब से तने के चारों ओर बुरकाव करना चाहिए। अधिक प्रकोप की स्थिति में यदि कीट पेंड़ों पर चढ़ जाते हैं तो ऐसी दशा में मोनोक्रोटोफॉस 36ई0सी0 1.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 2.0 मि0ली0 दवा को प्रति ली0 पानी में घोल बनाकर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें। इसी प्रकार आम के बौर में लगने वाले मिज कीट मंजरियों, तुरन्त बने फूलों एवं फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अण्डे देती हैं, जिसकी सूड़ी अन्दर ही अन्दर खाकर क्षति पहॅुचाती हैं। इस कीट के नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है कि बागों की जुताई गुड़ाई की जाये तथा समय से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए।

इसके लिए फेनिट्रोथियान 50ई0सी0 1.0 मि0ली0 अथवा डायजिनान 20 ई0सी0 2.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 1.5 मि0ली0 दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर बौर निकलने की अवस्था पर एक छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। कीटनाशक के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियॉं– कीटनाशक के डिब्बों को बच्चों व जानवरों के पहॅुच से दूर रखना चाहिए। कीटनाशक का छिड़काव करते समय हाथों में दस्ताने, मुॅह को मास्क व ऑखों पर चश्मा पहनकर ढंक लेना चाहिए, जिससे कीटनाशी त्वचा व ऑखों में न जाये। कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय जब हवा का वेग अधिक न हो तब करना चाहिए अथवा हवा चलने की विपरीत दिशा में खड़े होकर करना चाहिए। कीटनाशक के खाली पाउच डिब्बों को मिट्टी में दबा देना चाहिए।

# धनतेरस के पर्व पर शहीद उद्यान में योग शिविर का आयोजन संपन्न

हरदोई।भगवान धन्वंतरि दिवस एवं धनतेरस के पावन पर शहीद उद्यान हरदोई में योग शिविर का आयोजन कर योगाभ्यास कराया और सभी को हार्दिक बधाई सहित बहुत बहुत शुभकामनाएं दीं। पतंजलि योग समिति हरदोई के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने कहा कि विष्णु के अंशावतार सत्ययुग के आयुर्वेद के महान वैद्य भगवान धन्वन्तरि इसी त्रयोदशी के शुभ दिन पर समुद्र मन्थन से निकले हुये अमृत कलश को लेकर आये थे, आयुर्वेद का प्रचार–प्रसार किया, तब से ही विश्व मे चिकित्सा विज्ञान से निरोगी काया, जो कि सबसे बड़ी माया है, के संरक्षण पर कार्य हुआ, आज के दिवस को ही चांदी आदि धातुएं खरीदने की प्रथा चली है, वर्तमान युग के धन्वन्तरि आयुर्वेद के विश्व विख्यात आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने विश्व पटल पर आयुर्वेद को पुनः प्रतिस्थस्पित किया, योग के द्वारा निरोगी काया के लिए स्वामी रामदेव जी ने योग को सम्पूर्ण विश्व मे प्रचारित मर दिया। अतः प्रातःकाल योग करके अपनी दिनचर्या प्रारम्भ करें। करो योग रहो निरोग ।अच्छा जीवन जीने के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। उक्त अवसर पर प्रतिभा गुप्ता, रत्ना मिश्रा,शशिकला सिंह, रिन्की गुप्ता, आरती शुक्ला, रजनीश ,ज्योति मिश्रा, मीरा गुप्ता, तोताराम गुप्ता, रामनरेश गुप्ता,रामशरण पाल, राममिलन गुप्ता,ललित कुमार गुप्ता, अनूप तिवारी, सुनीत गुप्ता, आदि तथा ऑनलाइन में जयपाल सिंह राठौर, शरद गुप्ता,प्रभा सिंह ,डॉक्टर आशा विनोद, रागिनी गुप्ता आदि ने लेकर खूब धूम धाम से मनाया और सभी को हार्दिक बधाई दी ।

# जागरूकता और उपलब्धता से अंतरा की स्वीकार्यता बढ़ी

## हर माह की 21 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त मिलती सलाह व सेवा

सीतापुर । वर्ष 2021 के सितंबर माह में कुल 3,210 महिलाओं ने परिवार नियोजन के अस्थायी साधन तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा को अपनाया था। जबकि वर्ष 2022 के सितंबर माह में 4,258 महिलाओं ने अंतरा पर अपना भरोसा जताया है। यह आंकड़े गवाह हैं कि परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों को लेकर महिलाओं का भरोसा तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा पर अधिक मजबूत हुआ है। इसकी वजह बताते हुए सीएमओ डॉ. मधु गैरोला बताती है कि सुदूर ग्रामीण अंचलों में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों और पीएचसी जैसे छोटे स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन के साधनों की उपलब्धता के बाद परिवार नियोजन को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। हर माह की 21 तारीख को जिला महिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयोजित होने वाले खुशहाल परिवार दिवस पर प्रशिक्षित एएनएम, सीएचओ, काउंसलर द्वारा लोगों को जागरूक किए जाने के बाद परिवार नियोजन के अस्थायी और अस्थायी साधनों की स्वीकार्यता भी बढ़ी है। सीएमओ ने बताया कि परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में अंतरा इंजेक्शन महिलाओं द्वारा बेहद पसंद किया जाता है। यह इंजेक्शन प्रति तीन माह के अंतर पर लगाया जाता है। इसे माहवारी आने के एक सप्ताह के अंदर और प्रसव होने के 6 सप्ताह बाद ही लगाया जाता है। गर्भवती को यह इंजेक्शन नहीं लगाया जाता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रबंधक जावेद खान ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हर माह की 21 तारीख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधनों में से उनके मन माफिक किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जाता है।

कौन लगवा सकता है अंतराः नवविवाहिताओं से लेकर 45 वर्ष की महिलाएं (चाहे उन्हें बच्चे हों अथवा नहीं), जिन महिलाओं का हाल ही में गर्भपात हुआ हो। स्तनपान कराने वाली महिलाएं (प्रसव के छह सप्ताह बाद), एचआईवी से संक्रमित महिलाएं (चाहे इलाज करा रहीं हो अथवा नहीं) कब लगवाएं अंतराः प्रसव के छह सप्ताह बाद, माहवारी शुरू होने के सात दिन के अंदर, गर्भपात होने के तुरंत बाद या सात दिन के अंदर, यह हैं अंतरा के लाभः तीन महीने में सिर्फ एक बार लेने की आवश्यकता होती है, जो महिलाएं गोली नहीं खा सकतीं। इसे बंद करने के पश्चात गर्भधारण में कोई समस्या नहीं होती। कुछ मामलों में माहवारी के ऐंठन को कम करता है। पहले से चल रही किसी भी दवा के साथ इसे लिया जा सकता है। गर्भाशय व अंडाशय के कैंसर से बचाता है।

# सेंट जेम्स फादर लैंसी रेगो ने बस्ती के जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव

हरदोई। शहर के सबसे नामी गिरामी कॉन्वेंट स्कूलों में से एक सेंट जेम्स स्कूल के प्रिंसिपल फादर लेंसी रेगो और बच्चों, स्टाफ ने मुख्य अतिथि कोतवाली देहात प्रभारी गंगेश शुक्ला की उपस्थिति में पास ही की बस्ती के जरूरतमंद बच्चों के परिवारों तथा बस के चालक, परिचालकों के प्रति परिवारों को खाद्य सामग्री, मिठाई और आतिशबाजी देकर उन्हें खुशियों में शामिल किया। सेंट जॉन्स स्कूल के फादर प्रिंसिपल लेंसी रेगो और बच्चों ने सामूहिक रूप से एकत्रित धन से वंचित परिवारों को भी अपनी खुशियों में शामिल करने का जज्बा दिखाया।

मुख्य अतिथि के रूप में देहात कोतवाली प्रभारी गंगेश शुक्ला ,फादर और बच्चों तथा शिक्षक ,शिक्षिकाओं ने पास ही की बस्ती के जरूरतमंद परिवारों के बच्चों तथा बस चालक एवं परिचालकों के परिवारों को प्रति परिवार 5 किलो चावल, 5 किलो चीनी, 1 लीटर सरसों का तेल, स्वेटर और मिठाई आदि देकर दीपावली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निरीक्षक गंगेश शुक्ला ने विद्यालय के बच्चों, स्टाफ और प्रिंसिपल के इस मानवता पूर्ण कार्य के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे भी परिवार हैं जो दिवाली की खुशियों में शामिल होने से वंचित रह जाते हैं यह पुनीत कार्य है कि हम सब उन बच्चों को भी खुशियों में शामिल करें। सभी ने एक दूसरे से सौहार्द्र के साथ मिलकर दीपावली की बधाइयां साझा की।इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक, शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा

हरदोई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई जनपद के बैनर तले जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट डॉ सच्चिदानंद गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि प्रदेश की पत्रकार मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया जाए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि प्रदेश स्तर पर गठित होने वाली पत्रकार मान्यता समिति में अभी तक संगठन को अवसर प्राप्त नहीं हुआ है जबकि यह संगठन 1986 से पंजीकृत है तथा शासन द्वारा जारी निर्देश के तहत जिला स्तर पर जिला पत्रकार स्थाई समिति के जिला अध्यक्ष के रूप में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाता है। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जा रहा है जिसमें मान ना पूरी होने पर प्रदेश नेतृत्व की अगुवाई में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकारों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला महासचिव रजनीश सिंह, सदर तहसील अध्यक्ष अजय सिंह, नगर अध्यक्ष अंकित कुमार , नगर महासचिव पीके सूरी ,हरियावा ब्लॉक अध्यक्ष अमित अवस्थी, मोनू भंडारी, कुलदीप शर्मा ,धीरज शर्मा, पप्पी श्रीवास्तव ,पंकज गुप्ता ,पुलकित शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी नवल किशोर द्विवेदी,हिमांशु मिश्रा,ऐश्वर्मान मिश्रा चंदन,शकील खां ,अवनीश अवस्थी ,अनुज गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष माधैगंज राहुल गुप्ता, ब्लाक मंत्री रामकिशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की छुट्टी निरस्त

देवरिया। दीपावली त्योहार को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में इलाज की सुविधा अतिरिक्त इंतजाम रहेंगे। ताकि हादसे तथा दुर्घटना में घायल तथा उल्टी–दस्त के मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी के अलावा दो वार्ड रहेंगे। साथ ही चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। ऐसे में डॉक्टरों, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टी निरस्त कर दी गई।

प्रकाश के पर्व दीपावली पर पटाखा फोड़ते व अन्य तरह से झुलसे लोग अस्पताल पहुंचते हैं। वहीं उल्टी–दस्त व डेंगू के प्रकोप को देखते हुए मरीजों को दिक्कत न हो और उन्हें की इलाज की सुविधा उपलब्ध हो जाए, इसके लिए मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल प्रशासन ने तैयारी की है।

इसके मद्देनजर कंसल्टेंट, एसआर, जेआर, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, नेत्र परीक्षक, एक्स–रे टेक्नीशियन की दीपावली छुट्टी निरस्त कर दी गई है। महिला अस्पताल स्थित एमसीएच विंग में दस–दस बेड का दो वार्डों में व्यवस्था रहेगी। यहां जूनियर रेजिडेंट की तैनात रहेंगे। इसके अलावा स्टाफ नर्स, मल्टीपरपज वर्कर, वार्ड ब्वॉय की ड्यूटी रहेगी। यह सप्ताह के लिए रोस्टर वाइज ड्यूटी लगाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर ड्यूटी बढ़ाई भी जा सकती है। वहीं, कंसल्टेंट, सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट अपने ड्यूटी रोस्टर के हिसाब से अस्पताल परिसर में उपलब्ध रहेंगे। इस बीच आवश्यकता पड़ने पर इमरजेंसी तथा वार्ड से काल करने पर मरीजों को देखकर उचित इलाज एवं परामर्श देने के निर्देश दिए गए हैं।

एमसीएच में तैनात रहेंगे चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मीः देवरिया। दीपावली को देखते हुए एमसीएच विंग में बनाए गए वार्ड में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। इसके लिए जूनियर रेजिडेंट के अलावा चार स्टाफ नर्स वीरेंद्र, सलेहा खातून, शोभा अनीता तथा तीन मल्टीपरपज वर्कर उमेश गुप्ता, भरत, दुर्गेश की तैनाती रहेगी। इमरजेंसी में मुस्तैद रहेंगे स्वास्थ्य कर्मीः देवरिया। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मुस्तैद रहेंगे। यहां रोस्टरवार कंसल्टेंट, ईएमओ, एसआर, दो जेआर के अलावा स्टाफ नर्स व अन्य कर्मी तैनात रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर वार्ड के जेआर से इमरजेंसी में काम लिया जाएगा। यहां पर्याप्त मात्रा में औषधि उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा वार्डों में रोस्टरवार एक–एक जेआर, स्टाफ नर्स, मल्टीपरपज वर्कर, वार्ड ब्वॉय व स्वीपर तैनात रहेंगे।

## पीड़ित के घर पहुंचे एसीएमओ, एक्सपायर मामले की जांच शुरू

देसही देवरिया। सुरचक गांव के एक मरीज को एक्सपायर इंजेक्शन लगाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। उपमुख्यमंत्री को ऑनलाइन शिकायत के बाद महकमे में खलबली मच गई। एसीएमओ ने अपनी टीम के साथ पीड़ित के घर पहुंचकर मामले की जांच की। स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। महुआडीह थानाक्षेत्र के सुरचक गांव के श्रीनिवास सिंह (60) की 19 अक्तूबर को तबीयत खराब होने पर गांव के लोग उन्हें लेकर महुआडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। वहां पर्चा बनवाकर डॉक्टर को दिखाया गया। आवश्यक जांच कराने के बाद डॉक्टर ने दवा लिख दी। पर्चा लेकर दवा लेने पहुंचे। स्वास्थ्यकर्मियों ने श्रीनिवास को अगस्त माह में एक्सपायर इंजेक्शन लगा दिया गया। इतना ही नहीं, वही 10 और इंजेक्शन घर ले जाकर प्रतिदिन लगवाने की बात कही गई। उधर, घर जाने के बाद श्रीनिवास की हालत बिगड़ने लगी। दूसरे दिन उल्टी और खांसी के साथ खून आने लगा। इससे हालत गंभीर होने पर पीड़ित परिवार ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ऑनलाइन शिकायत की। उसके बाद . महकमे में खलबली मच गई। एसीएमओ डॉ. सुरेंद्र चौधरी अपनी टीम के साथ आनन–फानन पीड़ित के घर पहुंचे। जांच के लिए सैंपल लिया गया। गांव के लोगों ने स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार कलमबंद बयान लिया गया। जानकारी के अनुसार, दोपहर बाद पीड़ित को गांव के लोगों के सहयोग से इलाज के लिए जिले पर एक निजी चिकित्सक के वहां ले जाया गया। सीएमओ डॉ. राजेश कुमार झा ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम को भेजा गया था। जांच में आगर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हाल में खेत में मिला युवक का शव

एकौना। रात में घर से लापता एक युवक का शव खेत में मिला। युवक .रात को भोजन करने के बाद लापता हो गया था। सुबह घर से एक किलोमीटर दूर धान के खेत में युवक की लाश मिली। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। कोड़री गांव के रामकृपाल का बेटा फिरंगी (20) मजदूरी कर परिवार की आजीविका चलाने में सहयोग करता था। घरवालों के अनुसार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए। फिरंगी रात में अचानक घर से निकल गया। कमरे से उसे लापता देख परिजन रात में ही तलाश करने लगे, लेकिन पता नहीं चल पाया। सुबह करीब एक किलोमीटर दूर जगरनाथपुर गांव के निकट खेत में लोगों ने उसका शव देखा। हालांकि, शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। फिरंगी की दिमागी हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। वह दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था। उसके मरने की खबर सुनकर मां कैलाशी देवी बेहोश हो गई। इस बाबत एकौना थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने कहा कि युवक के मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। पुलिस मामले की जांच जुटी है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## तीन दिन से लापता महिला का पोखरे में मिला शव

चनुकीधपिंडी। ससुराल से मायके के लिए निकली एक महिला का शव मायके गांव के बाहर एक पोखरे में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। लोगों का कहना है कि महिला मंदबुद्धि की थी। लार थाना क्षेत्र के चमुखा निवासी झुरी प्रसाद की लड़की कुंती (45) की शादी इसी थाना क्षेत्र के खरवनिया निवासी महेश राजभर से हुई थी। महिला तीन दिन पहले मायके आने के लिए घर से निकली, लेकिन वह नहीं पहुंची। इसकी जानकारी होने पर ससुराल व मायके के लोग खोजबीन करने लगे। . गांव के कुछ लोग पोखरे की तरफ गए तो देखे की पोखरे में एक शव उतराया है। इसकी सूचना गांव वालों को मिली। मौके पहुंचे लोगों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मिला प्रमाणपत्र

निचलौल। रामसमुख दास इंटर कॉलेज में . कार्यक्रम आयोजित कर ताइक्वांडो खिलाड़ियों में प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। ताइक्वांडो ट्रेनिग सेंटर के प्रशिक्षक रियाज ने कहा कि बीते दिनों जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में कलर बेल्ट टेस्ट प्रमोशन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें व्हाइट टू येल्लो बेल्ट के लिए हर्ष सिंह, उत्कर्ष सिंह, खुशी पांडेय, वीर पांडेय, रितिका जायसवाल, नीरज, कार्तिक, काव्या, अंजली, अभिषेक सफल रहे। येल्लो टू ग्रीन बेल्ट के लिए राहुल मद्धेशिया सफल रहे। इसी तरह ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट के लिए मिट्ठी मद्धेशिया, अनुराधा, अजय, आशीष और ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट के लिए शबाना खातून, सलमान हुसैन,अभय गुप्ता, अखंड प्रताप सफल रहे। ब्लू टू ब्लू वन के लिए आयुष प्रताप, अमरेंद्र प्रताप, ब्लू वन टू रेड बेल्ट के लिए नेहा यादव, नीलू गुप्ता, आदित्य मद्धेशिया को सफलता मिली। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक नागेश्वर पटेल, दीपक चौधरी, विष्णु पटेल, सागर पटेल मौजूद रहे।

## सीओ ने 200 लोगों में पुलिस मित्र कार्ड का किया वितरण

निचलौल। भारत–नेपाल सीमा से सटे बहुआर पुलिस चौकी परिसर में क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने पुलिस मित्रों के साथ बैठक की। इसमें अपराध रोकने सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। उसके बाद 200 पुलिस मित्र कार्ड का वितरण किया गया। कार्ड का वितरण करते हुए पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य ने कहा कि कवच योजना के तहत भारत–नेपाल सीमा से 10 किलोमीटर तक के गांवों में पुलिस मित्र बनाया गया है। सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए पुलिस की ओर से किए गए प्रयास के प्रति लोग खूब उत्साह दिखा रहे हैं। लोग बढ़ चढ़कर इस मुहिम से जुड़ रहे है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह के साथ मिश्रवलिया,बैठवलिया, भेड़ियारी, गेड़हवा, कनमिसवा, बहुआकला, बहुआर खुर्द, झुलनीपुर सहित अन्य गांवों के 200 लोगों को पुलिस मित्र का प्रदान किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस मित्र बने लोगों को सुरक्षा के लिए ड्यूटी देनी होगी और उसके बदले कोई मानदेय या धनराशि नहीं मिलेगी। हर गांव में कम से कम 10 पुलिस मित्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## पटाखा बनाने व बिक्री स्थल पर बचाव का रखें पुख्ता प्रबंध

महराजगंज। दीपावली की खुशियों में कहीं कोई बाधा न आए इसके लिए अग्निशमन विभाग ने आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया है। पटाखा बनाने और बिक्री स्थल पर बचाव के पुख्ता प्रबंध रखने को कहा गया है। साथ ही अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के प्रभारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए गए हैं।

इन बातों का रखें ध्यान – लाइसेंस में निर्धारित क्षमता का पालन करते हुए ही पटाखे बनाएं – छोटे बच्चों व अनाधिकृत व्यक्ति को वहां न जाने दें – बने पटाखों को बनाए जाने वाले पटाखों से दूर रखें – पटाखा बनाते समय उसके चारों ओर मिट्टी की दीवार बनाएं – आग लगने वाली किसी भी सामग्री को पटाखा निर्माण स्थल पर न रखें – पटाखों को सार्वजनिक वाहन में न ले जाएं – अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें

बिक्री स्थल पर रखें ये प्रबंध – लाइसेंस में दिए गए स्थल पर ही पटाखे की दुकान लगाएं – अस्थाई दुकान बनाते समय कपड़े व पॉलीथिन का प्रयोग न करें –पटाखों की दुकान में हैलोजन लाइट का प्रयोग न करें – पटाखों की दुकान के आसपास दीया, अगरबत्ती व माचिस का प्रयोग न करें – पटाखों की दुकान के पास पानी, बालू अनिवार्य रूप से रखें – संवेदनशील स्थल के निकट दुकान न लगाएं

आपात स्थिति में इन नंबरों पर करें संपर्क – सदर व फरेंदा तहसील क्षेत्र समेत मुख्यालय पर प्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर मोबाइल नंबर 9454418796 व प्रभारी अग्निशमन केंद्र धनेवा के मोबाइन नंबर 9454418795 पर सूचना दी जा सकती है। इसी प्रकार निचलौल तहसील क्षेत्र के लिए 8303199652, नौतनवां तहसील के लिए 9415980689 एवं सिसवां क्षेत्र के लिए 9454418798 पर सूचना दी जाए। जिले भर में यदि कहीं भी आग से जुड़ी कोई सूचना देनी हो तो 9454417468 व डायल 112 पर भी जानकारी दी जा सकती है।

11 जगह बनता है पटाखा, 188 जगह बिक्रीः विभाग की ओर से जिले भर में कुल 11 व्यक्तियों को पटाखा बनाने का लाइसेंस जारी किया गया है। साथ ही 38 ऐसे दुकानदार हैं जो वर्ष भर पटाखे बेचते हैं। दीपावली पर्व के मद्देनजर लगभग 150 को अस्थायी तौर पर दो से तीन दिन पटाखा बेचने का लाइसेंस जारी किया गया है।

## खुद को मृत दिखाने की कोशिश करने वाला पकड़ा गया

पनियरा। मरने का नाटक रचाने वाला व्यक्ति पुलिस के हाथ लग गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली थी, जिसे लौटा नहीं पा रहा था। इस वजह से मरने का नाटक कर लापता हो गया था। अजय (32) की पत्नी अनुराधा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पति का कपड़ा, जूता, मोबाइल व सुसाइड नोट आदि सामान अकटहवां घाट पर मिला है। उसने आत्महत्या की आशंका जाहिर कर पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाश शुरू की। सूचना मिली कि वह गोरखपुर में देखा गया है। तुरंत पुलिस कर्मियों को भेज कर उसे पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि वह की लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर रकम लेने के आरोप में उसे आर्मी से भी बर्खास्त किया गया था।

## युवक ने ब्लेड से अपना गला काटा हालत गंभीर

मीरजापुर। जिले के गड़बड़ा धाम में दिमागी हालत ठीक नहीं होने पर अपनी माता के साथ दर्शन करने के लिए आये युवक ने ब्लेड से अपना गला काट लिया जिससे हालत गंभीर होने पर आनन फानन में माता ने एंबुलेंस से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आयी जंहा पर चिकित्सकों ने युवक की प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।लालगंज थाना क्षेत्र के नदनी गांव निवासी 23 वर्षीय मनोज कुमार की बीस दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं होने पर शनिवार को अपनी माता केशरी देबी के साथ अपनी बाइक से दर्शन पूजन करने के लिए आया था कि इसी बीच माता मंदिर में गई कि युवक ने ब्लेड लेकर अपने हांथ से गला काट लिया चीख पुकार सुनकर माता जब तक मौके पर पंहुचती कि युवक को अधिक ब्लड देखकर माता ने आनन फानन में उपचार के लिए एंबुलेंस सेवा 108 पर फोन लगाकर युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आयी जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी व डा.अभिषेक जायसवाल ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। मनोज श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय डिग्री कॉलेज लालगंज में बीए फाइनल का छात्र है। माता का रो रोकर बुरा हाल है। माता केशरी देबी ने बताया कि लगभग 20 दिनों से दिमागी हालत ठीक न होने पर मां गड़बड़ा धाम शीतला के यहां मन्नते लेकर आई थी। मनोज अविवाहित है।

## दीपावली मनाने आ रहे थे घर, रास्ते में हादसे में हो गए घायल

महराजगंज। मध्य प्रदेश के रीवा में हुए सड़क हादसे में जिले के नौ लोग घायल हुए हैं। सभी सिकंदराबाद से दीपावली मनाने गांव आ रहे थे। घायलों को रीवा में ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सेमरा राजा गांव के युवक भी शामिल हैं। वहां के प्रधान ऋषिराज घायलों का हालचाल जानने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। उनके अनुसार घायलों की स्थिति ठीक है।

जानकारी के मुताबिक, रात सिकंदराबाद से गोरखपुर के लिए चली बस रीवा में झिरिया टोल प्लाजा के पास सोहागी में गिट्टी से लदी ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में घटनास्थल पर ही 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 अन्य घायल हो गए। घायलों में महराजगंज के घुघली थाना क्षेत्र के सेमरा राजा गांव के मुकेश (32), शिव परसन (38), ऋषिकेष उर्फ गुलशन राय (37) एवं श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के मंगलपुर के मनीष (21) शामिल हैं। इनके हाथ और सिर में चोट आई है। घायल मुकेश के पिता विजयी ने बताया कि बेटे को मामूली चोट आने की सूचना मिली है। ऋषिकेश के पिता वीर बहादुर ने कहा कि बेटा गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना ने दीपावली का त्योहार फीका कर दिया। सेमरा राजा गांव की रहने वाली नीरर ने बताया कि उसके पति गुलशन सिकंदराबाद में पेंटिग का काम करते हैं। हादसे की सूचना पर गुलशन की बड़ी बहन राजमति घुघली क्षेत्र के श्रीनगर से भाई के घर पहुंची तो छोटी बहन श्रीमति पकड़ी गांव के सेमरा पहुंची।

चार माह पहले गए थे हैदराबाद – सिंदुरिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कोर्ट निवासी चंद्रशेखर (25) और अटल भारती (23) भी दुर्घटना में घायल हुए हैं। दोनों ने मोबाइल फोन से संपर्क कर बताया कि इलाज कराने के बाद घर आ रहे हैं। चंद्रशेखर और अटल भारती चार महीने पहले हैदराबाद में मजदूरी करने गए थे। जिले के तीन अन्य लोग भी हादसे में घायल हुए हैं। उन्हें मामूली चोट आई है।

## पिकअप के धक्के से घायल बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत

मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 दुर्जनीपुर गांव में शुक्रवार देर शाम तेज गति से आ रही पिकअप के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को आनन फानन में उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय भिजवाया जिसमें गंभीर रूप से घायल एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरी की हालत गंभीर देखकर वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जंहा पर युवक ने दम तोड़ दिया।ड्रमंडगंज क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी 25 वर्षीय सालिक और 26 वर्षीय क्यूम शुक्रवार देर शाम ड्रमंडगंज बाजार से बाइक से अपने घर महेशपुर गांव जा रहे थे जैसे ही दुर्जनीपुर गांव पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे पिकअप का टायर ब्लास्ट होने से पिकअप अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज परमानंद कुशवाहा व थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने गंभीर रूप से दोनों घायलों को आनन–फानन में उपचार हेतु निजी साधन से मंडलीय चिकित्सालय भिजवाया जहां गंभीर रूप से घायल सालिक को चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार कयूम के सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जंहा पर देर रात में क्यूम की भी मौत हो गई।घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप को सड़क पर खड़ी कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप तथा क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## ग्लोबल एकेडमी चिलवां में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता सम्पन्न



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के ग्लोबल एकेडमी चिलवां, गोरखपुर में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा एक से पांच तक के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ग्लोबल एकेडमी चिलवां के छात्र–छात्राओं द्वारा योग दर्शन, गड़ेश जी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवंम् जल संरक्षण और इसी तरह के विभिन्न प्रकार की रंगोली बना कर अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। जो अत्यंत ही मनोहारी थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में कला का एक विशेष महत्व है। यदि कला न होती तो हमारा जीवन बदरंग और नीरस होता। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सारिका शुक्ला, इशरत जहां, खुशबू, कंचन, साक्षी, रिमझिम सिंह, मयंक सिंह, दीपक द्वारा छात्र–छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया।

## मुरारी गुप्ता ने देशवासियों को दी दीपावली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं



गोरखपुर। एनडीटीवी 24 के पत्रकार के मुरारी गुप्ता ने सभी देशवासियों को दिवाली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। दिवाली पर श्री गुप्ता ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का एक अवसर है। दिवाली खुशहाली और उल्लास का त्योहार है। दिवाली के दिन लोग अपने घरों में देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और सबकी खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना करते हैं। उन्होंने सभी से अपील किया कि सावधानी पूर्वक त्यौहार को मनाने की जरूरत है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए हरित पटाखों का उपयोग करें।

# कसया गांव में गणेश लक्ष्मी जी मूर्ति हुई विराजमान

## धनतेरस पर्व से ही पूजा अर्चना कार्य प्रारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश
करमा/सोनभद्र। कर्मा थाना क्षेत्र अंतर्गत कसया गांव में विगत कई वर्षों से लगातार श्री गणेश लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापना कर पूजा पाठ कार्य सुरु कर दिपावली के बाद विसर्जन किया जाता रहा है। इसी परम्परा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी पूजा अर्चना का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना सुरु कर दी गई है। जिसमे पहले दिन से ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गणों का दर्शन पूजन के लिए आना जाना लगा हुआ है। कमेटी के पदाधिकारी जोखन सिंह, राधेश्याम पटेल, ऋषिकेश मिश्र ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देशन एवम कर्मा थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नियमानुसार पालन करते हुए पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पूजा पांडाल में उपस्थित मृत्युंजय पांडेय आचार्य ने बताया कि विधि विधान के साथ मां लक्ष्मी गणेश जी के प्रतिमा की स्थापना कर दी गई है।



# तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश
सोनभद्र। शक्तिनगर में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामसकल सांसद राज्य सभा, रहे प्रतियोगिता में 4 वर्ग शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग के प्रतिभागियों ने अपना प्रतिभा कौशल दिखाकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया शक्तिनगर में चल रहे प्रांतीय खेलकूद समारोह का समापन रविवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राम सकल सांसद राज्य सभा, रामजी सिंह प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश, के के पुखार जिला संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बलवंत सिंह प्राचार्य विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शक्तिनगर एवं अन्य अतिथि समापन समारोह में उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में ओव आल चौम्पियन शिप पांचवे स्थान तक के संकुल को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार दिया गया, जिसमें प्रथम 170 अंक के साथ प्रतापगढ़ संकुल, द्वितीय 168 अंक के साथ सुल्तानपुर संकुल, तृतीय 162 अंक माधव संकुल, चतुर्थ 157 अंक गाजीपुर संकुल एवं पांचवा स्थान 149 अंक के साथ केशव संकुल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन में जीते हुए सभी विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में इसी तरह कड़ी मेहनत करते रहने की बात कही और अन्य प्रतिभागी जिनका कोई भी स्थान नहीं आया उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए और कड़ी मेहनत कर एक दिन देश का प्रतिनिधि करने की अपेक्षा की है खेलकूद प्रतियोगिता सकुशल एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।





## पिंटू साहनी ने प्रदेशवासियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं



गोरखपुर। राइज एंड शाइन सोसाइटी के चेयरमैन पिंटू साहनी ने प्रदेश एवं देश के समस्त नागरिकों को दिवाली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। दिवाली पर श्री साहनी ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का एक अवसर है। दिवाली खुशहाली और उल्लास का त्योहार है। दिवाली के दिन लोग अपने घरों में देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और सबकी खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना करते हैं। उन्होंने सभी से अपील किया कि सावधानी पूर्वक त्यौहार को मनाने की जरूरत है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए हरित पटाखों का उपयोग करें।

## डॉ प्रमोद कुमार मद्धेशिया ने दी धनतेरस एवं दिवाली की शुभकामनाएं



**गोरखपुर।** नौसढ़ स्थित दीर्घायु चिकित्सालय के प्रख्यात होम्योपैथ एवं आयुर्वेद चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार मद्धेशिया ने गोरखपुर एवं गोरखपुर एवं गोरखपुर मंडल वासियों धनतेरस एवं दिवाली की शुभकामनाएं दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत होती है, उनके लिए दीपावली में बरती गई थोड़ी सी भी लापरवाही बड़ी समस्याओं का कारण बन सकती है। शाम के समय जब वातावरण में प्रदूषण बढ़ जाता है ऐसे में सभी को विशेष बचाव करना चाहिए। पटाखों के धुएं के कारण आउटडोर और इनडोर, दोनों प्रकार के प्रदूषण आपकी दिक्कतों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि से लगातार खांसी, सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन, त्वचा की एलर्जी जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए हरित पटाखों का उपयोग करें।

# 30 अक्टूबर को होगा भव्य उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी। मिलन शॉपिंग सेंटर मुस्काबाद ओपनिंग की तैयारियां तेजी से शुरू हो गई हैं। दिन रविवार को विधि विधान से हवन पूंजन संपन्न हुआ। पूजा संपन्न कराने में मुख्य रूप से सिरौलीगौसपुर ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा व प्रोपराइटर रंजीत कुमार की माता जी के द्वारा कराया गया। अब एक हफ्ते बाद यानी 30।10।2022 को भव्य उद्घाटन कर शुभारंभ किया जाएगा उचित दामों पर कपड़ों की खरीदारी यह शॉपिंग सेंटर में सभी क्षेत्रवासियों को एक ही छत के नीचे जरूरत के कपड़े जैसे– लेडीस एंड जेंट्स के कपड़ों का सेंटर होगा जिसमें हर तरह के सूट जींस पैंट, शर्ट, टी शर्ट, साड़ी ,एवं बच्चों के कपड़े, खाद्य सामग्री से लेकर उन लोगों की जरूरतों का सामान भी उचित मूल्यों पर मिल जाएंगे क्षेत्रवासियों को कपड़ों की खरीदारी करने के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा जिसके प्रोपइटर– रंजीत कुमार वर्मा है।

मुस्काबाद में मिलन शॉपिंग सेंटर खुलने से दर्जनों गांवों में खुशी की लहर है कि अब हमारे मन के वस्त्र हमारे नजदीक ही हमें मिल जाएंगे जिससे हमें किराया व अन्य खर्च नहीं करना पड़ेगा। मौके पर मौजूद प्रधान व दर्जनों ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।






## सड़क दुर्घटना मे एक युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश
सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के बाबा ढाबा के नजदीक पसही बगही मार्ग के बीच मुख्य मार्ग हिन्दुआरी मिर्जापुर पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सब्जियां बेचने जा रहे मंडी में नवयुवक विजय मौर्य की घटना स्थल पर हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवखरी निवासी विजय कुमार मौर्य(21)वर्ष पुत्र परमेश्वर मौर्य आज सुबह सब्जी लेकर वाइक से मंडी हिन्दुआरी जा रहा था। बाबा ढाबा के आगे हिन्दुआरी मिर्जापुर मुख्य मार्ग पर पसही बगही के बीच अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर मौत हो गई। किसी ने घर वालों को सूचना दी। घर वाले मौके पर पहुंच कर मृतक विजय को घर ले गए। घर पहुँचते दीपावली पर्व की खुशी मातम में बदल गई। किसी ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मृतक के घर पहुंची। पुलिस घटनास्थल की जानकारी प्राप्त कर शव का पंचायत नामा भर कर मर्चरी हाउस ले गई।

## दीपावली पर्व पर कर्मा पुलिस ने बच्चों व उनके परिजनों में बांटी मिठाई

दैनिक बुद्ध का संदेश
करमा/सोनभद्र। कर्मा थानांतर्गत दीपावली पर्व के पावन अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा मय फोर्स द्वारा क्षेत्रान्तर्गत टिकुरिया ग्राम के बनवासी मलिन बस्ती में जाकर बच्चों को साथ उत्साहपूर्वक दीपावली पर्व को मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों व बुजुर्गों को मिठाइयाँ, फल, मोमबत्ती आदि वितरित करते हुए इन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। पुलिस की इस सहृदयता से बच्चे काफी प्रसन्न दिखे तथा बेशहारा बुजुर्गों का ढेरों आशीर्वाद प्राप्त हुआ।



## भरु हा में मानस पाठ का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश
करमा/सोनभद्र। विकासखंड करमा के ग्राम भरु हा में दीपावली के पावन पर्व पर गांव में भव्य अखंड मानस पाठ का समापन कर प्रसाद का वितरणकिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड करमा अंतर्गत भरुहा गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्रामीणों के सहयोग से शंकर जी के मंदिर पर शनिवार को सुबह से अखंड मानस पाठ का शुभारंभ हुआ जो लगातार 24 घण्टे चलता रहा दूसरे दिन रविवार को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। समापन के पश्चात सभी ग्रामीणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किए इस मौके पर राधेश्याम तिवारी पारसनाथ तिवारी, अनिल तिवारी, सुशीला तिवारी, चंद्रशेखर नाथ तिवारी, सूर्यभान तिवारी ,चंद्रभान तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, हर्षनाथ, रवींद्रनाथ, अरविंद नाथ त्रिपाठी, अरुण नाथ आशुतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी अवधेश नाथ नीतीश तिवारी लालता प्रसाद, बहादुर, बुड्डुक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## शहीदों के याद में जले दिये, रोशन हुआ श्मशान



बड़हलगंज। काशी में मसाने की होली तो आपने जरूर सुनी होगी, लेकिन शमशान में दिवाली शायद ही कोई सुना होगा। बड़हलगंज के मुक्तिपथ पर नरक चतुर्दशी के अवसर पर शहीदों के याद में हजारों दीपक जलाकर दिवाली मनाई गई। रविवार को मानव काया के अंतिम पड़ाव स्थल बड़हलगंज के मुक्तिपथ पर संस्था अध्यक्ष व विधायक राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व और मुक्तिपथ के व्यवस्थापक कोषाध्यक्ष महेश उमर की देखरेख में आयोजित श्मशान दिवाली में सैकड़ों की संख्या में जुटे आम जन के साथ उमाशंकर सिंह विद्यापीठ के छात्रों ने रंगोली बना कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा विभिन्न थीमो पर बनाई गई रंगोली में आत्मनिर्भर भारत को प्रथम एवं स्वदेशी भारत को द्वितीय पुरस्कार दिया गया, इसके साथ ही रंगोली बनाने वाले सभी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसके पूर्व श्मशान दिवाली की कड़ी में मुक्तिपथ पर जल रही चिता की आग से दीप जला कर श्मशान दिवाली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, चाणक्य विचार संस्थान के अध्यक्ष आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अखंड शाही, ज्योतिनारायण सिंह, शिवम गुप्ता, सुनील उर्फ बबलू मद्धेशिया, पप्पू निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



दैनिक बुद्ध का संदेश
बाराबंकी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया।ज्ञापन में प्रदेश स्तरीय गठित होने वाली पत्रकार मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को प्रतिनिधित्व दिए जाने की माँग की गई है।व जिलाधिकारी कार्यालय में विशेष अधिकारी जी एस निगम को ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राकेश गिरि , सुनील वाजपेयी शिवम् , राजेश भारती , सरोज वर्मा ,बलवंत सिंह,विकास चौहान आदि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

